**एजेंसी देना हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

की मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सभी जिलों एवं तहसील में एजेंसी देना हैं इच्छुक व्यक्ति शीघ्र संपर्क करे

दैनिक

# जनसेवा समाचार

MPHIN/2013/53952

web:www.jansewasamachar.com

**आवश्यकता हैं**

**दैनिक जनसेवा समाचार**

को मेहनती और शिक्षित युवकों की जो आवश्यकता हैं जो विज्ञापन लाने का कार्य कर सके।

वर्ष-21 | अंक-35 | प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपये

## संक्षिप्त समाचार


### तरनतारन में 3 सेकेंड में मर्डर और सुसाइड



**जबरन शादी करना चाहता था**

**तरनतारन।** तरनतारन के उस्मा लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर सुसाइड करने वाला सिरफिरा युवक एकतरफा प्यार में फंसा हुआ था। वह लड़की संदीप कौर पर जबरन शादी का दबाव डाल रहा था। परिवार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि संदीप की पहले ही इंगेजमेंट हो चुकी थी। इस वजह से छात्रा ने स्पष्ट इनकार कर दिया था। उसने कहा था कि उसके पिता नहीं हैं। वह मरे हुए बाप की पगड़ी को दाग नहीं लगाना चाहती। वह वहीं शादी करेगी, जहां परिवार ने तय कर दिया है। संदीप पढ़ाई के साथ एक वकील के साथ पार्ट टाइम जॉब भी करती थी। उसके पिता की मौत हो गई थी और घर में 6 बहनें और एक भाई भी था। आरोपी युवक प्रिंस ने महज 3 सेकेंड में भरे क्लासरूम में छात्रा का मर्डर कर दिया और फिर खुद को भी गोली मार दी। क्लासरूम में हुए इस मर्डर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जो कत्ल की पूरी कहानी बयान कर रहा है।

### एपस्टीन फाइल्स-10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच



**अमेरिका से यूरोप तक असर**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है। इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं।

### फरीदाबाद जेल में अब्दुल रहमान की हत्या

**फरीदाबाद।** हरियाणा की फरीदाबाद जेल में बंद अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई है। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला किया। दोनों को हाई सिक्योरिटी वाली बैरक में एक साथ बंद किया गया था। कत्ल का पता चलते ही जेल अधिकारी बैरक में पहुंचे। इसके बाद रहमान की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। 20 साल के अब्दुल को गुजरात एटीएस ने मार्च 2025 में पकड़ा था।

मुख्यमंत्री ने बालाघाट पुलिस लाइन में किया अलंकरण समारोह को संबोधित

# मध्यप्रदेश पुलिस के प्रभावशाली अभियान से संभव हुआ लाल सलाम को आखरी सलाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बालाघाट के नाम में ही बल है। इस जिले ने अपने आत्मबल से ही हिमालय जैसी कठिन चुनौती नक्सलवाद का अंत करके दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल उन्मूलन का माहौल बना। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और प्रदेश से लाल सलाम को आखरी सलाम किया। नक्सल उन्मूलन में हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय है



**हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री श्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। सघन जंगल के चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी हॉक फोर्स ने मेगाकासो रणनीति बनाकर नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक 4104 नक्सल विरोधी अभियान, मानसून और जंगली जानवरों की चुनौतियों के बावजूद भी जारी रहे। हमारी फोर्स ने वर्ष 2025 में अब तक के 10 सर्वाधिक हार्ड कोर नक्सलियों को ढेर किया है। नक्सलियों से कहा गया था कि सरेंडर करो या मारे जाओगे, पुलिस ने राज्य सरकार की इस चेतावनी को वीर जवानों ने सार्थक कर दिखाया।

**बालाघाट के जवानों के आत्मबल ने नक्सल समस्या को खत्म करके दिखाया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल संस्मरण पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे



- बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ते बढ़ाई
- डीजीपी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। साथ ही कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। वहीं चुनाव आयोग (ईसी) ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एसआईआर नहीं हुई। कोर्ट ने बंगाल के ष्ठलक्कसे जवाब मांगा है। डीजीपी से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी है। 4 फरवरी को हुई सुनवाई में सीएम बनर्जी ने अदालत में दलीलें पेश की थीं। सुप्रीम कोर्ट के इतिहास में पहली बार किसी राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री ने कोर्ट में पेश होकर दलीलें रखीं। मुकदमों में आमतौर पर सीएम के वकील या सलाहकार ही पेश होते हैं। वेस्ट बंगाल सरकार को मंगलवार शाम 5 बजे तक उन 8,505 अफसरों की लिस्ट जमा करने का निर्देश दिया, जिन्हें वह तैनात करने का प्रस्ताव दे रही है।

दावा- संसद में पीएम केयर-फंड से जुड़े सवाल पूछने पर रोक

# पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिए

## पीएम केयर्स फंड

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया है कि संसद में पीएम केयर फंड, पीएम राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) और राष्ट्रीय रक्षा कोष (एनडीएफ) से जुड़े सवाल नहीं पूछे जा सकेंगे। ये निर्देश सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय ने लोकसभा सचिवालय को दिए हैं। कांग्रेस ने डेली न्यूज पेपर द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर करते हुए यह दावा किया है। इसमें बताया गया कि पीएमओ ने लोकसभा सचिवालय से कहा है- इस बात का खास ध्यान रखा जाए कि संसद में कोई भी सदस्य इन फंड्स पर सवाल न उठाए। इसके बाद कांग्रेस ने कहा है कि ये सीधे तौर पर तानाशाही है। संसद का अपमान है और सांसदों के अधिकारों पर हमला है। कांग्रेस ने एक्स पर 4 सवाल किए- संसद जनता के प्रतिनिधि हैं, उन्हें जनहित के सवाल पूछने से क्यों रोका जा रहा है? मोदी सरकार जनता के लाखों-करोड़ रुपये का हिसाब क्यों नहीं देना चाहती?




## कांग्रेस बोली- ये तानाशाही है

**पीएम केयर्स फंड के बारे में जानें-**

पीएम केयर्स फंड 27 मार्च, 2020 को कोविड-19 फैलने के बाद बनाया गया था। इसकी ऑफिशियल वेबसाइट पर बताया गया है कि कोविड-19 महामारी से पैदा हुई किसी भी तरह की इमरजेंसी या मुश्किल हालात से निपटने और प्रभावित लोगों को राहत देने के मुख्य मकसद के साथ एक खास फंड की जरूरत को ध्यान में रखते हुए- 'प्राइम मिनिस्टर्स सिटीजन असिस्टेंस एंड रिलीफ इन इमरजेंसी सिचुएशन्स फंड (पीएम केयर्स फंड)' नाम से एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट बनाया गया है। इस फंड को एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के तौर पर रजिस्टर किया गया था और इसकी ट्रस्ट डीड 27 मार्च, 2020 को नई दिल्ली में रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1908 के तहत रजिस्टर की गई है। पीएम केयर फंड की 2022-23 की रसीदों और पेमेंट अकाउंट रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 के आखिर में कुल बैलेंस 6,283.7 करोड़ रुपए था। पीएमओ से 30 जनवरी, 2026 के कम्युनिकेशन में बताए गए बाकी दो फंड भी पीएम ऑफिस के कंट्रोल में हैं।

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी का अनुमान

# जी20 देशों में इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ सबसे तेज

**अगले वित्त वर्ष भारत की जीडीपी 6.4प्र की दर से बढ़ेगी**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारतीय इकोनॉमी को लेकर नए अनुमान जारी किए हैं। मूडीज के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष (2026-27) में भारत की जीडीपी 6.4प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। मूडीज ने कहा कि यह रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले त्र20 देशों के ग्रुप में सबसे ज्यादा होगी। एजेंसी ने इसके पीछे मजबूत घरेलू खपत, सरकार के नीतिगत फैसलों और देश के स्थिर बैंकिंग सिस्टम को मुख्य वजह बताया। मूडीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2025 में त्रस्ञ्ज के नियमों में हुए बदलाव और पर्सनल इनकम टैक्स की सीमा बढ़ाए जाने से लोगों की जेब में ज्यादा पैसा बचेगा। इससे बाजार में मांग बढ़ेगी, जिससे इकोनॉमी में ग्रोथ होगी। रेटिंग एजेंसी ने अपनी बैंकिंग सिस्टम आउटलुक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय बैंकों की हालत बेहतर बनी रहेगी।




**भारत-अमेरिका ट्रेड डील का फायदा मिलेगा...**

**आरबीआई ब्याज दरों में कटौती जारी रख सकता है**

रिपोर्ट में यह भी जिक्र है कि फरवरी 2026 में भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के बाद एक्सपोर्ट सेक्टर से जुड़ी कंपनियों की स्थिति में सुधार आएगा। इससे छोटे उद्यमियों (एमएसएमई) का तनाव कम होगा और निवेश की नई संभावनाएं बनेंगी।

मूडीज का मानना है कि महंगाई अब कंट्रोल में है, इसलिए रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती जारी रख सकता है। हालांकि, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कोई संकेत तो नहीं मिल रहे।

राहुल बोले- स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे

## विपक्ष स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है। राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि 1 घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



## मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**उपद्रवियों ने राइफलों से गोलीबारी भी की**

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11=30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है। तनाव बढ़ने की आशंका के बीच लोगों ने बिना किसी संगठित पुलिस निकासी के अपने स्तर पर ही घर छोड़ना शुरू कर दिया था।



## शंकराचार्य बोले- योगी कुर्सी छोड़ें या अपनी महंती


**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद इन दिनों काशी में है। यहां सोमवार को शंकराचार्य ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी पर जमकर हमला बोला। कहा- योगी खलीफा जैसे हैं। वह सीएम कुर्सी छोड़ दें या अपनी महंती छोड़ें। योगी नकली हिंदू हैं। साबित करने के लिए मैंने 40 दिन दिए थे। 10 दिन बीत गए, अब 30 दिन बचे हैं। सवाल- योगी आदित्यनाथ को नकली हिंदू बताया, इस पर क्या कहेंगे। जवाब- नहीं, हमने नकली हिंदू नहीं बताया है, प्रश्न चिन्ह उठाया है। उनके असली हिंदू होने पर प्रश्न चिन्ह है, वहीं हमने दर्शाया है। अभी निर्णय हमने नहीं किया है। अभी हमने केवल विगत 10 दिनों की समीक्षा की है और उसके आधार पर यह पाया है कि अभी असली हिंदू सिद्ध होने में वो सतर्क दिखाई नहीं देते। सवाल- बहुत सारे सवाल हैं कि यह शंकराचार्य जी का एक राजनीतिक स्टैंड है और विरोधी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर इन गतिविधियों पर, इन आरोपों पर वो लगातार बोल रहे हैं।



## अमेरिका भारत को 25प्र पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50प्रतिशत से घटाकर 18प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है। इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को रू40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। स ट्रेजरी के अनुसार अमेरिका ने विदेश से आयातित वस्तुओं पर 2024 में 79 अरब डॉलर का टैरिफ वसूला।

## रिंकू आईपीएल के बाद सांसद प्रिया संग 7 फेरे लेंगे



**अलीगढ़।** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज इसी साल जून में 7 फेरे लेंगे। दोनों की शादी काशी में होगी। परिवार ने सियासत से बचने को गेस्ट लिस्ट छोटी बनाई है। पिछले साल 8 जून को लखनऊ में रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी हुई थी। इसके बाद नवंबर, 2025 में शादी की डेट फिक्स हुई थी। लेकिन, शादी नहीं हो पाई थी। फिर फरवरी, 2026 की तारीख तय हुई, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल के चलते अब इसे जून के लिए शेड्यूल किया गया है। रिंकू के बड़े भाई सोनू सिंह ने बताया- शादी के लिए पहले 11 और 12 जून की तारीखों पर चर्चा थी। लेकिन आईपीएल फाइनल की व्यस्तता को देखते हुए रिंकू ने नई तारीख निकलवाने को कहा है। सोनू सिंह ने कहा- आईपीएल, 26 मार्च से 31 मई के बीच प्रस्तावित है। जब रिंकू आईपीएल से फ्री होंगे, तभी शहनाई बजेगी, फिलहाल शादी काशी में होगी।

## केशव बोले- सपा गुंडों का साथ छोड़ दे तो पार्टी स्वाहा हो जाएगी



**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में कहा है कि 2047 तक यूपी में सपा के आने की कोई संभावना नहीं है। वहीं, देश में 2047 तक कांग्रेस के भी आने की संभावना नहीं है। 2047 तक यूपी को और देश को विकसित बनाना, सपा और कांग्रेस के बूते और विजन की बात है ही नहीं। ये सोच ही नहीं सकते हैं। बस पीडीए की बात किया करते हैं। बहुत सारे लोग पीडीए का फॉर्मूला बताते रहते हैं। इनका पीडीए परिवार डेवलपमेंट एजेंसी है। ये गुंडों का साथ छोड़ दें तो समाजवादी पार्टी आज ही स्वाहा हो जाएगी, समाप्त हो जाएगी। कांग्रेस के जो नेता हैं राहुल गांधी, सदन में उनकी बातें आप लोग सुनते हैं तो लगता है कि विश्व के सबसे लोकतांत्रिक देश का विपक्ष का नेता बोल रहा है? इतने घटिया विचार!, देश के प्रधानमंत्री को निशाना बनाने की कोशिश करते हैं! संसद की कार्रवाई चलने में बाधा डालते हैं! वही हाल यूपी विधानसभा में सपा का है।

## पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख का नया गाना विवादों में



**बीजेपी नेता ने डीजीपी को शिकायत की**

**जालंधर।** पंजाब में बैन के बावजूद गन कल्चर वाले गीत रिलीज होने से नहीं रुक रहे। ताजा मामला मशहूर पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के नए गीत असलहा को लेकर सामने आया है। बीजेपी पंजाब ट्रेड सेल के को-कन्वीनर अरविंद शर्मा ने इस गीत पर आपत्ति जताई है। अरविंद ने इसे हिंसा के लिए उकसाने वाला बताया और इसे लेकर डीजीपी गौरव यादव को लेटर लिखा है। उन्होंने मांगी की है कि गीत पर रोक लगाई जाए और इसे यूट्यूब से हटाया जाए। मनकीरत औलख पिछले 15 दिन से अपने नए गीत के प्रमोशन को लेकर लगातार पंजाब का टूर कर रहे थे। 3 दिन पहले (6 फरवरी) ही उनका यह गाना रिलीज हुआ है। मनकीरत औलख और जेहर वाइब का यह गाना डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। रिलीज के साथ ही यह गाना अपने लिरिक्स और विजुअल्स के कारण विवादों में आ गया। गाने के बोल और वीडियो में हथियारों की नुमाइश की गई है।

ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई

## सगे भाइयों ने जमीन दान दी

**संगरूर।** पंजाब के सीएम भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धूरी में एक ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई। दो भाइयों ने मस्जिद के लिए 5 मरला जमीन दान दी। इसके साथ ही उन्होंने खुद और गांव से चंदा जोड़कर इमारत बनवाई, जिसमें दो कमरे और एक बरामदा है। उन्होंने कहा कि गांव में करीब 2500 लोग रहते हैं, इसमें करीब 30 मुस्लिम परिवार हैं।

**शाही इमाम बोले- देश पंजाब से सीखे**

धूरी तहसील के गांव पूनेवाल में बनी मस्जिद का 8 फरवरी को शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर हिंदू और मुस्लिम परिवारों ने शाही इमाम का स्वागत किया। उद्घाटन के बाद मस्जिद में पहली बार नमाज अदा की गई।



## सांकेतिक धरना प्रदर्शन आज

**मण्डला ( नि.प्र. )** राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के आव्हान पर जिले में रेल संबंधी सुविधाओं की मांग को लेकर आज एक सांकेतिक धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह धरना मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन के सामने प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इस संबंध में समिति की ओर से अनुविभागीय अधिकारी मंडला एवं थाना प्रभारी थाना महाराजपुर को विधिवत सूचना प्रेषित की गई है। राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि जिले की लंबे समय से उपेक्षित रेल सुविधाओं को लेकर आम जनता में रोष है समिति द्वारा रेल विस्तार ट्रेनों के ठहराव नई रेल सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं में सुधार जैसी मांगों को लेकर यह प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन और रेल प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा सके।

## प्रमुख सचिव ने दिए निर्देश

**मण्डला ( नि.प्र. )** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने कहा है कि राजस्व अधिकारी विभागीय कार्यों को प्राथमिकता दें। राजस्व वसूली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में वित्त वर्ष के दस माह बीत जाने के बाद भी निराशाजनक स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह विभाग का कोर वर्क है इसलिए 15 मार्च तक राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करें। प्रमुख सचिव सभी जिलों के कलेक्टर्स और राजस्व अधिकारियों को वीडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे प्रमुख सचिव ने कहा कि आगामी समय में विधानसभा का सत्र आयोजित होना है इसलिए विधानसभा प्रश्नों के उत्तर सावधानीपूर्वक तैयार कर 11 फरवरी तक संबंधित शाखाओं को समय पर प्रेषित करें। लंबित आश्वासनों पर विशेष ध्यान दें।

## अवैध परिवहन पर 6 वाहन जप्त

**मण्डला ( नि.प्र. )** खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर कामता माल क्षेत्र में प्रशासन द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 6 वाहन, जिसमें ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 एए 1174, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जीडी 6792, ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51एए 8789, ट्रेक्टर का महिन्द्रा कंपनी, एलपी पावर ट्रेक कंपनी एवं ट्रेक्टर आइशर कंपनी को राजस्व विभाग द्वारा जप्त किया गया।

## डीजे संचालक का कटा चालान

**मण्डला ( नि.प्र. )** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ध्वनि प्रदूषण एवं नियम उल्लंघन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान कमला पैलेस गार्डन बिंझिया में रात्रि 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे संचालित पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक को थाना कोतवाली बुलाकर सख्त समझाईश दी गई। साथ ही मोटर व्हीकल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करते हुए 3 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया इससे पहले बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस प्रशासन द्वारा मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे।

## मनोरंजन कक्ष का हुआ उद्घाटन

**मण्डला ( नि.प्र. )** पुलिस अधीक्षक ने सेनानी 35वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल वाहिनी परिसर ग्राम ग्वारा में जवानों एवं उनके परिवारजों के मनोरंजन के लिए मनोरंजन कक्ष का उद्घाटन किया। मनोरंजन कक्ष में 75 इंच टीव्ही, कराओके सिस्टम, कैरमबोर्ड, शतरंज की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्री सकलेचा द्वारा जवानों को नशा मुक्त जीवन एवं स्वस्थ जीवन के लिये प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि कार्य के साथ-साथ मनोरंजन भी स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य है। सुरक्षा बल या पुलिस का काम चुनौतीपूर्ण होता है ऐसे में अपने काम के बाद कुछ समय परिवार के साथ बिताने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

## किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**मण्डला ( नि.प्र. )** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन द्वारा संचालित जिले में 36 पंजीयन केन्द्र बनाए जा चुके हैं। किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक निर्धारित है। समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 7 मार्च तक करा सकेंगे। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के पंजीयन कराने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा।

# खौफ के साये में नगरवासी: मंडला में सांड़ों का आतंक
# कार्यवाही के नाम पर चल रही नगर पालिका की फोटोबाजी

**मण्डला ( नि.प्र. )**

लंबे समय से नागरिक शिकायत दर्ज करा रहे है कि उन्हें आवारा जानवर परेशान कर रहे हैं। लेकिन ठोस कार्यवाही करने में नगर पालिका लापरवाही बरत रही है। नगर मुख्यालय के अधिकांश वार्डो में गाय और सांडो का आतंक मचा हुआ है। वहीं मुख्य बाजार में भी सांडो का आतंक हर दिन दिखाई दे रहा है। कभी बच्चें घायल होते है तो कभी बुजुर्ग तो कभी कभी वाहन चालक भी चपेट में आ जाते है जैसे तैसे लोग जान बचाकर भागते हैं। लोगों का कहना है कि नगर के अंदर इतनी अधिक मात्रा में गाय बैल और सांड कैसे आ गए और अगर कहीं से आ भी गए तो इन्हें वापस क्यो नही भेजा रहा है वहीं पशु पालकों की सूची सार्वजनिक क्यों नही की जा रही है। पशु पालकों पर आरोप है कि वे अपने जानवरों का दूध आदि निकालकर दिनभर के लिए शहर में हकाल देते हैं। जो आम जनता का नुकसान के अलावा कुछ नही करते हैं। शहर में इन दिनों एक नया और खौफनाक संकट सिर उठा चुका है। यह संकट किसी अपराधी गिरोह या प्राकृतिक आपदा का नहीं बल्कि आवारा सांडों के बढ़ते आतंक का है। शहर की सडकों बाजारों और रिहायशी इलाकों में सांड अब सिर्फ घूमते नजर नहीं आते बल्कि लड़ते-भिड़ते, तोडफोड़ करते और लोगों को गंभीर रूप से घायल करते हुए मौत का खतरा बन चुके हैं। सुबह से लेकर देर रात तक नगर के कई हिस्सों में सांडों का उत्पात आम हो गया है। कहीं दो सांडों की लड़ाई में दुकानों के शटर





उखड़ रहे हैं तो कहीं राह चलते लोग सींगों की चपेट में आकर लहूलुहान हो रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग बच्चों को स्कूल भेजने और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं।

***सांडों की लड़ाई से अफरा-तफरी***- मंडला के प्रमुख बाजार क्षेत्रों जैसे बस स्टैंड इलाका सब्जी मंडी, मुख्य चौक और कॉलोनियों के अंदर दिन के उजाले में ही सांडों की लड़ाइयां देखने को मिल रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो या तीन सांड जब आपस में भिड़ते हैं तो सडक़ मानो अखाड़ा बन जाती है। सींगों की टकराहट, उछलते हुए सांड, भागते लोग, पलटती ठेलियां और टूटता सामान यह दृश्य अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुका है। सब्जी बेचने वाले दुकानदार बताते हैं कि कई बार तो मिनटों में हजारों का नुकसान हो जाता है। सब्जियों की टोकरियां उलट जाती हैं तराजू टूट जाते हैं और ग्राहक जान बचाकर भागते हैं। दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन से कई बार शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

***इंसानों पर सीधा हमला कई घायल***- यह समस्या अब केवल तोडफोड़ तक सीमित नहीं रही। सांडों के हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। हाल ही में शहर के एक रिहायशी इलाके में सुबह टहलने निकले एक बुजुर्ग पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। सींग लगने से वे सडक़ पर गिर पड़े और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसी तरह एक महिला सब्जी खरीदते समय सांडों की लड़ाई के बीच फंस गई और गंभीर चोटें आईं। डॉक्टरों के अनुसार सांड के हमले में लगने वाली चोटें बेहद खतरनाक होती हैं। सींग से अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंच सकता है और कई मामलों में जान जाने का भी खतरा रहता है।

***बच्चों बुजुर्गों के लिए खतरा***- मंडला में स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी भयावह हैं। कई अभिभावक अब बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डरने लगे हैं। सुबह-शाम की सैर पर निकलने वाले बुजुर्गों ने भी रास्ते बदल दिए हैं। कुछ कॉलोनियों में लोग लाठी या डंडा लेकर बाहर निकलने को मजबूर हैं ताकि सांडों से खुद को बचा सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी भी सभ्य शहर के लिए शर्मनाक है जहां इंसान नहीं बल्कि आवारा पशु सडकों के मालिक बन बैठे हों।

***लापरवाही या सिस्टम की विफलता*** - सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर यह स्थिति बनी कैसे? नगरपालिका और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है कि आवारा पशुओं को पकडक़र गौशाला या सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। लेकिन मंडला में यह व्यवस्था कागजों तक ही सीमित नजर आती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई कर दी जाती है लेकिन कुछ दिनों बाद वही सांड फिर सडक़ों पर लौट आते हैं। न तो पर्याप्त गौशालाएं हैं न ही पशुओं को पकडने के लिए स्थायी टीम और संसाधन।

***हादसे के बाद भी नही सुधरे हालात*** - शहरवासियों में यह गुस्सा भी है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है लोग पूछ रहे हैं अगर किसी बच्चे या महिला की जान चली गई तो जिम्मेदार कौन होगा क्या तब सिर्फ जांच और मुआवजे की औपचारिकताएं निभाई जाएंगी यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि आवारा पशुओं के कारण जानलेवा हादसे हो चुके हैं। बीते एक सप्ताह में अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

***धार्मिक आस्था बनाम जनसुरक्षा***- गाय और गोवंश से जुड़ी धार्मिक आस्था एक संवेदनशील विषय है। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आस्था के नाम पर जनसुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। आवारा सांड न खुद सुरक्षित हैं न आम जनता। सडकों पर घूमते सांड दुर्घटनाओं का शिकार भी होते हैं और दूसरों को भी घायल करते हैं। समाधान यह नहीं कि आंखें मूंद ली जाएं बल्कि यह है कि व्यवस्थित गौशालाएं पशु चिकित्सा और नियंत्रण व्यवस्था मजबूत की जाए।

## पुलिस की विशेष टीम ने पकड़ा लाखों का जुआ



**मण्डला ( नि.प्र. )**

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुए के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार मध्य रात्रि में मंडला पुलिस की गठित विशेष टीम द्वारा एक बड़ी कार्यवाही की गई पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम फोंक सिझौरा में कुछ लोग अवैध रूप से पैसा लगाकर खेल रहे हैं सूचना की तस्दीक उपरांत उप पुलिस अधीक्षक सतीष चतुर्वेदी महिला सुरक्षा प्रभारी एसडीओपी बिछिया के नेतृत्व में 4 अलग-अलग पुलिस पार्टियां गठित की गईं योजनाबद्ध तरीके से की गई रेड कार्यवाही के दौरान फोंक सिझौरा स्थित उमेश राय उर्फ मुनिया के घर से जुंआ खेलते हुए सात आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपीगण वैभव मिश्रा निवासी बिछिया संजय चौकसे निवासी बरगी, आनंद बंदेवार निवासी बम्हनी, राजेश खम्परिया निवासी बरगी, फरीद अली निवासी परसवाड़ा, सचिन उद्दे निवासी बम्हनी बंजर, राजकुमार उर्फ राजा निवासी अंजनिया पकड़े गये हैं। जांच एवं आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर यह भी सामने आया कि महेश बंजारा निवासी बम्हनी जुंआ खिलाने व नाल काटने वाले अलाल कसार निवासी बिछिया एवं उमेश राय उर्फ मुनिया निवासी फोंक सिझौरा अंधेरे का फायदा उठाकर घटना स्थल से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है जप्त सामग्री नगद राशि 3,21,200/ मोबाइल फोन 8 नग, चार पहिया वाहन जप्त नगदी, वाहन व मोबाइल की अनुमानित मूल्य सहित कुल राशि लगभग 19,01,200 उक्त प्रकरण में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। पुलिस टीम सतीष चतुर्वेदी डीएसपी, निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम, निरीक्षक ममता परस्ते, निरीक्षक गिरीश करवेती, निरीक्षक जयसिंह यादव, सउनि. बालमुकुन्द चौरसिया, सउनि. सुरेश विजयवार, सउनि. भूमेश्वर, सउनि. जगदीश सैयाम, प्रआर महेन्द्र कुशराम, प्र.आर. भभूत, आर. अमृत मरावी, आर. वैभव, आर.मनीष, आर.संदीप, आर. दिनेश वरकडे, आर. हेमेन्द्र, आर.सुरेश पंचेश्वर, आर.चन्द्रभान, आर.काशी, आर. संजय, आर. सुधीर, आर. राजेश, आर. सुन्दर, आर. रमेश एवं आर. शिवा नाविक की भूमिका रही।

## दिव्य ज्योति की कलश यात्रा आज

**मण्डला ( नि.प्र. )** नर्मदा तट की पावनधरा में महाशिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक जाग्रति का एक अनूठा संगम होने जा रहा है। विश्व विख्यात आध्यात्मिक संस्था दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आगामी 10 फरवरी से 14 फरवरी तक भगवान शिव आराधन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है शवत्व से शिवत्व की ओर थीम पर आधारित यह पंच-दिवसीय सत्संग समागम नर्मदा कॉलोनी पार्क डॉ शैलेन्द्र गुप्ता जल छानन के सामने आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है मुख्य कार्यक्रम से पूर्व 9 फरवरी को प्रात: 9 बजे सिंहवाहिनी मंदिर नावघाट से एक मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें सैकड़ों की संख्या में सौभाग्यवती महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी जो भक्ति और भारतीय संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगा संस्थान ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस आध्यात्मिक उत्सव में सम्मिलित होने अपील की है।

## ओबीसी जिलाध्यक्ष बने सीबी पटैल



**मण्डला ( नि.प्र. )** जिले के ओबीसी समुदाय से संबंधित समस्त जातियों के प्रतिनिधियों की बैठक में जिला ओबीसी प्रगति मोर्चा के जिला अध्यक्ष का दायित्व एड. सीबी पटैल को सर्वसम्मति से सौंपा गया है। बिंझिया स्थित सरदार पटेल मंगल भवन में ओबीसी समुदाय की सभी जातियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी एड. सीबी पटैल सर्वसम्मति को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उपस्थित सभी समाजसेवी प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाईयां भी दीं। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के द्वारा हाल ही में जारी यूजीसी बिल को जल्द ही लागू कराने के अलावा जातिगत जनगणना फार्म में एसटीएससी और सामान्य वर्गों के कॉलम के साथ साथ ओबीसी का कॉलम भी जोड़े जाने शासन का ध्यानाकर्षण कराने देश भर में संघर्ष को तेज किया रहा है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम

**मण्डला ( नि.प्र. )** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मोहगांव के ग्राम पंचायत मुंगवानी में जिला समन्वय राजेन्द्र चौधरी एवं ब्लाक समन्वय नेमलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम एवं नवांकुर संस्था बुढनेर नर्मदा महिला संघ का सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में ग्राम के विकास को लेकर ग्रामोदय से अभ्युदय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियां जन जन तक शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना स्वैच्छिकता सामूहिकता से किए जाने वाले कार्य नशा मुक्ति, स्वच्छता, साफ-सफाई, जल संरक्षण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन योजना, लड़ली लक्ष्मी योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा के बारे में बताया गया और शपथ दिलाया गया।

## योजना से बदली महिला की आर्थिक स्थिति

**मण्डला ( नि.प्र. )** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना अब कई परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। जनपद पंचायत मोहगांव के ग्राम सुड़गांव की श्रीमती उर्मिला मार्को इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आई हैं जिन्होंने इस योजना से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। वर्ष 2023-24 में उनका चयन कड़कनाथ कुक्कुट पालन योजना के अंतर्गत हुआ। योजना की कुल लागत 4 हजार 400 रुपये थी जिसमें से 75 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा प्रदान किया गया। योजना के तहत उन्हें 28 दिवसीय 40 कड़कनाथ चूजे, गुणवत्तापूर्ण आहार, आवश्यक दवाइयां तथा कुक्कुट इकाई उपलब्ध कराई गई। पशुपालन विभाग ने उन्हें वैज्ञानिक तरीके से पालन-पोषण का प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया श्रीमती उर्मिला मार्को बताती हैं कि कड़कनाथ मुर्गी अपनी उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता कम कोलेस्ट्रॉल और अधिक प्रोटीन के कारण बाजार में विशेष मांग रखती है।

## कमलेश फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**मण्डला ( नि.प्र. )**

पत्रकारिता के क्षेत्र में निरंतर एवं निष्पक्ष सेवाएं दे रहे पत्रकार कमलेश मिश्रा को पत्रकार फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष तारा चंद्र पटेल द्वारा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विदित हो कि श्री मिश्रा विगत 26 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने हमेशा निर्भीक, निष्पक्ष एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनकी सेवाओं को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण



दायित्व सौंपा है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के उपलक्ष्य में स्थानीय रेस्ट हाउस में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमलेश मिश्रा एवं पत्रकार फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन चौधरी का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नितिन चौधरी, संतोष बैरागी, सुदामा पटैल, हनुमान तिवारी, राजेंद्र श्रीवास, शाहबुद्दीन, सुनील सोनकेशरी, आलोक जैन, राहुल चौरसिया, राजेश यादव, शंभू शुक्ला, हेमंत नायक, अमित सेन, भूपेंद्र दोहरे, चंद प्रकाश दुबे, संजय ताम्रकार सहित अनेक पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## एमएसजी एकेडमी में विदाई समारोह

**मण्डला ( नि.प्र. )** जिले के विकासखंड घुघरी मुख्यालय स्थित एमएसजी एकेडमी घुघरी में कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें संस्था के मैनेजर डॉक्टर कृष्ण और संस्था के डायरेक्टर वीपी सिंह ज्ञान स्थली एकेडमी मोहगांव के प्रधानाचार्य डीके, एमएसजी एकेडमी सक्का जिला डिंडोरी के प्रधानाचार्य संदीप श्रीवास्तव ज्ञान स्थली एकेडमी रामनगर के प्रधानाचार्य अतुल कुमार एवं पालक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी गण व एमएसजी एकेडमी घुघरी के प्रधानाचार्य अनुज कुमार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथिगणों ने सबसे पहले मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माला अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया वही समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत वंदन किया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 10 को

**मण्डला ( नि.प्र. )**

अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा 10 फरवरी को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक गोंडी पब्लिक ट्रस्ट कलादीर्घा के बाजू से स्वस्थ्य परामर्श शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है। यहां पर सभी तरह की बीमारियों का नि:शुल्क जांच एवं दवाईयां दी जायेंगी। यहां पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवा देंगे। जो मरीजों को परामर्श के साथ उपचार करेंगे। यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ नाक, कान, गला स्किन



महिला चिकित्सक के साथ हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ अन्य रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## वन विभाग ने पकड़ी साजा चिरान लकड़ी



**मण्डला ( नि.प्र. )**

वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी के परिवहन व भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पूर्व सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र जगमण्डल अंतर्गत ग्राम घोंट में सर्च वारेंट के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध लकड़ी जब्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने शिवचरन साहू के आवास पर सर्च वारेंट के अंतर्गत तलाशी ली तलाशी के दौरान मौके से अवैध रूप से संग्रहित 37 नग साजा चिरान लकड़ी, जिसकी मात्रा 0.261 घन मीटर आंकी गई है जब्त की गई लकड़ी का मावजा महसूल सहित मूल्य 8,850 रुपये बताया गया है इस मामले में वन विभाग द्वारा वन अपराध प्रकरण क्रमांक 3537/09 दर्ज कर विधिसंगत कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जब्त की गई लकड़ी को वन अभिरक्षा में ले लिया गया है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है संपूर्ण कार्यवाही उप वनमंडल अधिकारी जगमण्डल माधवराव उइके के निर्देशन में तथा परिक्षेत्र अधिकारी जगमण्डल श्रीमती लतिका तिवारी उपाध्याय के मार्गदर्शन में की गई। कार्यवाही के दौरान परिक्षेत्र सहायक ब्रजभान सिंह कुल्हिया कार्यवाहक वनपाल, वनरक्षक अभिषेक शुक्ला, बालसिंह ठाकुर, पहल सिंह मार्को, प्रदीप भांडे, रामलाल हरदहा, कौशल कोकड़िया, टीकाराम उइके, मिलसिंह तेकाम, प्रिया गौतम, अनिता उइके, सुमन मार्को, धनवती परते सहित सुरक्षा श्रमिक सुखराम, हेमलाल एवं राजकुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रायल हॉस्पीटल में रक्तदान शिविर आज

**ग्वालियर।** नवाब रक्त सेवा संस्था द्वारा 9 फरवरी को सुबह 10 बजे से रायल हॉस्पीटल रॉक्सी टाकीज के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी हॉस्पीटल के मैनेजर पंकज भूतड़ा ने दी।

### अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बैराड़।** बैराड़ पुलिस ने अवैध रूप से लोडेड कट्टा लेकर अपराध की नीयत से घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी ने अपना नाम समीर पुत्र बल्लन खान, निवासी कालामढ़ बताया है। पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल सहित कट्टा जब्त कर उसे हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी समीर पुत्र बल्लन खान हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से टोरिया रोड से बैराड़ की ओर आ रहा था और उसके पास अवैध कट्टा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टोरिया रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी के सामने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपी को रोका। तलाशी लेने पर आरोपी की कमर से 315 बोर का देशी कट्टा बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखा गया तो चेंबर में एक जिंदा राउंड लगा हुआ था। आरोपी से कट्टा व कारतूस रखने का लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मौके से ही कट्टा व कारतूस जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

### जंगली जानवर ने किया गाय का शिकार

**श्योपुर।** कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को बासरैया स्थित कराहल–बोहरी हाईवे को जाम कर दिया। जाम के कारण लोग घंटों तक फंसे रहे। ग्रामीणों ने यह प्रदर्शन जंगली जानवर द्वारा गाय पर किए गए हमले को लेकर किया। गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को मृत गाय को सड़क पर रखकर विरोध जताया। जिससे करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात ठप रहा। दोनों ओर बसें, निजी वाहन और अन्य वाहन फंसे रहे। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि जंगली जानवर लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं लेकिन पशु पालकों को समय पर मुआवजा नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले दिनों में जंगली जानवरों द्वारा ग्रामीणों पर भी हमले किए गए हैं।

### 5.60 लाख रुपए की स्मैक सहित आरोपी गिरफ्तार

**करैरा।** करैरा पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सिल्लापुर चौराहे पर हाईवे स्थित प्रतिक्षालय से पकड़ा गया। उसके कब्जे से 28 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान कृष्णा कुमार मृधा (20) के रूप में हुई है, जो ग्वालियर जिले के मोहना थाना क्षेत्र अंतर्गत टीकुला, वार्ड क्रमांक–19 का निवासी है। आरोपी के पास से स्मैक के साथ एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# उत्कृष्ट विद्यालय की 240 सीटों के लिए 784 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं ब्लॉक स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए संयुक्त चयन परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। मध्य प्रदेश राज्य ओपन बोर्ड द्वारा शहर के तीन एवं ब्लॉक के तीन केंद्रों सहित कुल छह परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई।

इस दौरान सबसे अधिक परीक्षार्थी जिला उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। खास बात यह रही कि उत्कृष्ट विद्यालय में मात्र 240 सीटें उपलब्ध हैं, जबकि जिलेभर से 784 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। वहीं 300 में से सर्वाधिक 273 परीक्षार्थी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोर्ट रोड में परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी राजाबाबू आर्य एवं भूपेंद्र शर्मा ने शहर के तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### बदरवास, खनियाधाना एवं पिछोर में भी हुई परीक्षा

मध्य प्रदेश राज्य ओपन बोर्ड के एग्जाम कंट्रोलर प्राचार्य एन.के. जैन ने बताया कि रविवार को जिला उत्कृष्ट



विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में प्रवेश के लिए छह केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। शहर के उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र पर कुल दर्ज 255 में से 243 परीक्षार्थी, कन्या कोर्ट रोड स्कूल में 300 में से 273 तथा कन्या सदर बाजार स्कूल में 300 में से 268 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं मॉडल स्कूलों के लिए खनियाधाना में 62 में से 47, पिछोर में 141 में से 132 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि बदरवास में कुल दर्ज 3 परीक्षार्थियों में से एक भी परीक्षा में शामिल नहीं हुआ। इसके अलावा प्रदेश के चार श्रमोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए 39 में से 36 परीक्षार्थी जिला उत्कृष्ट विद्यालय केंद्र पर आयोजित परीक्षा में शामिल हुए।

### इसलिए बढ़ा उत्कृष्ट व मॉडल स्कूलों में प्रवेश के प्रति अभिभावकों का रुझान

पिछले पांच वर्षों के बोर्ड परीक्षा परिणामों पर नजर डालें तो जिले के उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षा परिणाम हर वर्ष शत–प्रतिशत रहा है। इसके अलावा प्रदेश स्तर के टॉपर विद्यार्थी भी सर्वाधिक उत्कृष्ट विद्यालयों से ही रहे हैं।

दूसरा प्रमुख कारण यह है कि उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूलों में अध्यापन करने वाले शिक्षकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है। पात्रता परीक्षा में सफल होने के बाद ही वे इन विद्यालयों में नियुक्त किए जाते हैं।

वहीं निजी स्कूलों में अभिभावकों को 50 से 60 हजार रुपये तक वार्षिक शुल्क देना पड़ता है, जबकि उत्कृष्ट व मॉडल स्कूलों में मात्र 1000 से 1500 रुपये में संपूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो जाती है। साथ ही 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप व छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं। यही कारण है कि अभिभावक कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इन विद्यालयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मारी, पिता-पुत्र की मौके पर मौत

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

तेन्दुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फोरलेन हाईवे पर तेरहवीं का भोजन कर लौट रहे पिता-पुत्र की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। कोटा-झांसी फोरलेन पर तेंदुआ थाना क्षेत्र के ग्राम डेहरवारा के पास शनिवार देर शाम यह हादसा हुआ।

ग्राम अटारा निवासी अरविंद धाकड़ (40) अपने इकलौते बेटे अरविंद (12) के साथ बाइक से कोलारस के ग्राम कुमहरौआ में एक परिचित की तेरहवीं में शामिल होने गए थे। शाम करीब 7:30 बजे, जब दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सामने से रॉन्ग साइड आ रही ओवरलोड भूसे से भरी ट्रैक्टर-



ट्रॉली ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोग दोनों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि मृतक अरविंद के पिता की भी पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी थी। इस प्रकार एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों की अकाल मृत्यु सड़क हादसों में हो चुकी है।

देर रात तक पिता-पुत्र के घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई, लेकिन जब हादसे की सूचना मिली तो पूरे गांव में मातम छा गया। शिवपुरी जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर इन दिनों भूसा ढोने वाले ओवरलोड वाहनों की संख्या अत्यधिक है। ऐसे वाहनों पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

### गांव में दिखा चीता, ग्रामीणों में भय

**श्योपुर।** रविवार की दोहपर में कराहल क्षेत्र के खोरी गांव में ग्रामीणों को खेतों में चीता दिखाई दिया है। चीते की खेतों में दस्तक के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल निर्मित हो गया है। ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे में चीता की तस्वीरों को कैद कर लिया। साथ ही इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि चीता के खुलेआम घूमने से ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया है। किसानों का कहना है कि जंगली जानवर पूर्व में भी ग्रामीणों पर हमला कर चुके हैं। हाल ही में विजयपुर एवं औछापुरा क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा किसानों पर हमला करने की खबरें सामने आई हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।




## अखिल भारतीय भवभूति समारोह में अन्तर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएं आयोजित

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय एवं महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में आयोजित अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह के अंतर्गत रविवार को अन्तर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। श्लोक पाठ, संस्कृत व हिन्दी भाषण, हिन्दी वाद-विवाद तथा संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विश्वविद्यालयों के लगभग 55 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि डॉ.अनिल बारोड एवं सारस्वत अतिथि डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने विद्यार्थियों को सतत अध्ययन और भवभूति साहित्य के महत्व से अवगत कराया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। 9 फरवरी को प्रातः 11 बजे अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह का उद्घाटन एवं शोध संगोष्ठी के सत्र प्रारंभ होंगे।



पुलिस द्वारा पकड़ी गईं रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

## चंबल रेत से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ीं

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

पांच दिन से रेत माफिया के खिलाफ जारी प्रशासनिक कार्रवाई के क्रम में रविवार को सुबह पुलिस ने चंबल रेत से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी हैं। पकड़े गए उक्त वाहनों को राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है। एक साथ तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी जाने से रेत माफिया में खलबली मच गई है।

बताया गया है कि रविवार को सुबह सिविल लाइन एवं कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए केएस चौराहे पर दबिश दी। चूंकि इस स्थान पर रेत की मंडी लगती है। इसलिए जैसे ही पुलिस यहां पहुंची वैसे ही यहां खड़े रेत माफिया अपने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को भगाकर ले गए लेकिन इस दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि जैसे ही पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को घेरा वैसे ही चालक उनसे से कूदकर भाग गए। पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सिविल लाइन थाने में रखा गया है।

## महिला ने अश्लील वीडियो बनाकर शिक्षक से वसूले 15 लाख रुपए

### पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

पहले महिला ने एक सरकारी शिक्षक को धोखे से जाल में फंसाया, फिर अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 15 लाख रुपए वसूल लिए। इसके बाद भी वह हरिजन एक्ट एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज करने की धमकी देने लगी। जब पानी सिर से ऊपर निकल गया तब पीड़ित शिक्षक ने इस बात की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की।

निमास गांव के शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अशोक शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन में बताया कि पिछले लगभग 15 वर्ष से शासकीय प्राथमिक विद्यालय निमास में पदस्थ हैं। इसी गांव की एक महिला व उसका पति घरेलू जरूरत के लिए मुझसे रुपए उधार लेते रहते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उक्त महिला व उसकी जेठानी को रसोइया नियुक्त कर दिया। एक दिन जब हम रसोई में पहुंचे तो वहां उक्त महिला बिना कपड़ों के थी। उसने जबरन मुझे पकड़ लिया। इके बाद से महिला ने हमसे उधारी के नाम पर तीन लाख रुपए ले लिए। महिला की जेठानी द्वारा चुपचाप वीडियो बनाकर मेरे विरुद्ध हरिजन एक्ट एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज करने की धमकी दी जाने लगी। इसी दौरान पांच लाख रुपए और ले लिए लेकिन इसके बावजूद वीडियो भी वायरल कर दिया। इस पर शिक्षा विभाग द्वारा अशोक शर्मा को निलंबित भी कर दिया गया। उक्त महिला ने वीडियो वायरल होने के बाद भी हमसे 10 लाख रुपए ले लिए। रुपए देने का वीडियो भी बनाया गया। अशोक शर्मा का कहना है कि उक्त लोगों ने जाल में फंसाकर हमसे लगभग 15 लाख रुपए ऐंठ लिए हैं और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल की गई है। फिर भी हरिजन एक्ट एवं दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने की धमकी दे रहे हैं।

# कोलारस में दो ठग ग्रह-पीड़ा दूर करने का झांसा देकर महिला का मंगलसूत्र ले उड़े

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कोलारस में रविवार दोपहर एसडीओपी कार्यालय के पास दो ठगों ने एक महिला को बातों में उलझाकर उसका सोने का मंगलसूत्र ठग लिया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। एक ठग ने खुद को पुलिसकर्मी और दूसरे ने अयोध्या का जानकार बताकर महिला का भरोसा जीता। पीड़िता ने कोलारस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मानीपुरा निवासी 50 वर्षीय उमा परमार पत्नी पूरन परमार रविवार दोपहर करीब 12 बजे एसडीओपी कार्यालय से सटे माता मंदिर में दर्शन करने पहुंची थीं। दर्शन के बाद लौटते समय एक बाइक सवार युवक ने उन्हें रोका। उसने खुद को अयोध्या का रहने वाला बताया और दावा किया कि वह ग्रह पीड़ा व पारिवारिक परेशानियां दूर करने का जानकार हैं। युवक ने कहा कि वह कोलारस में एक डॉक्टर से मिलने आया है।

### शिवपुरी में प्रधान आरक्षक की पत्नी को सम्मोहित कर 7500 रुपए ठगे

**शिवपुरी।** शहर में साधुओं के भेष में घूम रहे कुछ लोगों द्वारा दान मांगने के बहाने सम्मोहन कर ठगी करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक के घर से जुड़ा है, जहां उनकी पत्नी से 7500 रुपये ठग लिए गए।

इस संबंध में शनिवार को कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, ये लोग साधु–बाबाओं का भेष धारण कर घरों में दान मांगने पहुंचते हैं। बातचीत के दौरान वे घरेलू समस्याओं का जिक्र कर लोगों को भ्रमित करते हैं और फिर सम्मोहन के माध्यम से नकदी ठग लेते हैं। वर्मा कॉलोनी निवासी प्रधान आरक्षक प्रताप नारायण शर्मा के घर भी इसी तरह की घटना हुई। प्रधान आरक्षक के अनुसार, मंगलवार दोपहर उनकी अनुपस्थिति में साधु के भेष में कुछ



लोग उनके घर पहुंचे। उन्होंने पहले उनकी पत्नी से आटा मांगा और दक्षिणा लेने से मना कर दिया। इसके बाद बातचीत के दौरान घर की समस्याओं का हवाला देकर पत्नी को बातों में उलझा लिया। आरोप है कि इसी दौरान पत्नी ने घर में रखे 7500 रुपये निकालकर उन्हें दे दिए। उनके चले जाने के बाद पत्नी को ठगी का अहसास हुआ। प्रधान आरक्षक के घर लौटने पर पूरी घटना उन्हें बताई गई, जिसके बाद कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

### नकली पुलिसकर्मी ने जीता भरोसा

इसी दौरान एक अन्य युवक पैदल वहां पहुंचा, जिसने खुद को पुलिसकर्मी बताया। वह सादे कपड़ों में था। पहले युवक ने कथित पुलिसकर्मी के सामने दूसरे ठग के बारे में कुछ बातें कहीं, जिन्हें पुलिसकर्मी ने सही बताते हुए उसे बड़ा जानकार बताया। इसके बाद इस जानकार ने उमा परमार को उनकी पारिवारिक परेशानियों के बारे में बताकर उन्हें दूर करने का झांसा दिया। ठग ने महिला से गले में पहना सोने का मंगलसूत्र उतारकर हाथ में लेने को कहा। इसके बाद मंगलसूत्र कथित पुलिसकर्मी को पकड़ाकर कुछ कदम आगे चलने और पीछे मुड़कर न देखने की हिदायत दी। महिला ने भरोसे में आकर जैसे ही कुछ कदम आगे बढ़ाए, दोनों ठग बाइक स्टार्ट कर एक ही बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

## उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी करा दी फर्जी रजिस्ट्री

**श्योपुर।** उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के स्थगन आदेश के बाद भी स्टाम्प वेंडर व उप पंजीयक द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई। फरियादी ने इस संबंध में एक आवेदन जिलाधीश को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

जिलाधीश को सौंपे गये आवेदन में वार्ड क्रमांक सात गुरुद्वारा के पीछे निवास करने वाले अभिषेक जांगिड़ पुत्र गजानंद जांगिड़ ने उल्लेख किया है कि उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा 30 नवंबर 2016 को अंतिम स्थगन आदेश जारी करते हुए भवन के क्रय-विक्रय रोक लगा दी गई थी। न्यायालय से स्थगन आदेश होने के बाद भी स्टॉम्प वेंडर व उप पंजीयक द्वारा तथ्यों को छुपाकर उक्त भवन की रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी गई। उक्त स्टाम्प वेंडर द्वारा एक अन्य लाइसेंस से भी कार्य किया जाता है। स्टॉम्प वेंडर के पास आय से कई गुना अधिक संपति है। आवेदक द्वारा फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करने वालों के विरुद्ध जांच कर पुलिस प्रकरण दर्ज कराते हुए दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

**विधायक ने दो संजीवनी क्लीनिकों का किया लोकार्पण**

# 'आमजन को घर के नजदीक मिलेंगी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं'

### 70.58 लाख की लागत से भवन बनकर तैयार

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भिण्ड विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने रविवार को दो मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का लोकार्पण किया। नई तहसील बाइपास रोड पर पहला संजीवनी क्लीनिक 23.81 रुपए एवं बीटीआई रोड सुंदरपुरा में 46.77 लाख की लागत से दूसरा संजीवनी क्लीनिक बनाया गया है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस




यादव, चिकित्सक डॉ. सुनील मौर्य, इंजीनियर अमित शाक्यवार, नर्सिंग स्टाफ, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक नागरिक तक समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें ताकि छोटी-छोटी बीमारियों के लिए लोगों को दूर-दराज के अस्पतालों में भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक इसी सोच का परिणाम हैं। जहां आमजन को घर के नजदीक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, आवश्यक जांच सुविधाएं एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। विधायक कुशवाह ने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों से आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से गरीब, श्रमिक, वृद्धजन, महिलाएं एवं बच्चे अब अपने ही क्षेत्र में बेहतर इलाज प्राप्त कर सकेंगे। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। समय पर उपचार मिलने से गंभीर बीमारियों की संभावना भी कम होगी।

### समर्पण भाव से मरीजों की सेवा करें चिकित्सक

विधायक कुशवाह कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर नए स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना, चिकित्सकों की उपलब्धता, आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था तथा दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक इस दिशा में एक सशक्त और जनकल्याणकारी पहल है। विधायक कुशवाह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी संवेदनशीलता, ईमानदारी और समर्पण भाव मरीजों की सेवा करें ताकि आमजन का विश्वास स्वास्थ्य व्यवस्था पर और अधिक मजबूत हो। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे इन क्लीनिकों की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें।

## बाइक में टक्कर मारकर भाग रहा ट्रैक्टर पलटा

### बाइक सवार दोनों युवक घायल

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

जिले की मछण्ड पुलिस चौकी क्षेत्र में रविवार को दोपहर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन अनियंत्रित होकर वह सड़क किनारे खाई में पलट गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम गांध मछण्ड निवासी रामलखन सिंह राजावत पुत्र शिशुपाल सिंह राजावत अपने मित्र निखिल सिंह राजावत के साथ बाइक से माधौगढ़ से मछण्ड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान



विश्ववारी रोड पर सामने से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन तेज रफ्तार होने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को भिंड जिला चिकित्सालय लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद रामलखन सिंह राजावत को वार्ड में भर्ती किया है जबकि दूसरे घायल निखिल सिंह राजावत को परिजनों ने शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मछंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खेत में पलटे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। चालक घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सुविचार

**सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो।**



## संपादकीय

# पहाड़ों की चुप्पी और सत्ता की उदासीनता

प्राकृतिक संसाधनों की लूट तभी बेलगाम होती है, जब सत्ता की इच्छाशक्ति कमजोर और निगरानी तंत्र सुस्त हो। अवैध खनन आज इसी गठजोड़ का परिणाम बन चुका है। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियां इसका ताजा और डरावना उदाहरण हैं, जहां प्रकृति की कीमत पर मुनाफे का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। यह केवल एक क्षेत्र की त्रासदी नहीं, बल्कि उस सोच का प्रतीक है जिसमें पर्यावरण को विकास की राह में सबसे पहले कुर्बान कर दिया जाता है।

शिवालिक पहाड़ियां केवल मिट्टी और पत्थर का ढेर नहीं हैं। वे भूजल को संजोने, मिट्टी को थामे रखने और जैव-विविधता को जीवित रखने वाली प्राकृतिक ढाल हैं। अंधाधुंध खुदाई ने इस नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को भीतर से खोखला कर दिया है। भारी मशीनों की आवाज़ प्रशासनिक दफ्तरों तक भले न पहुंचती हो, लेकिन इसके दुष्परिणाम आने वाले वर्षों में बाढ़, भूस्खलन और जल संकट के रूप में सामने आएंगे।

यह पहाड़ियां भूवैज्ञानिक दृष्टि से नई और अस्थिर हैं। ऐसे में अनियंत्रित खनन भूमि कटाव को तेज करता है, वर्षा ऋतु में भूस्खलन का खतरा बढ़ाता है और नदियों-नालों में गाद भरने की समस्या को गंभीर बनाता है। एक बार पहाड़ियों का प्राकृतिक स्वरूप नष्ट हो गया, तो उसे दोबारा हासिल करना लगभग असंभव हो जाता है। यानी हम अपने हाथों से उस प्राकृतिक सुरक्षा कवच को खत्म कर रहे हैं, जो मैदानी इलाकों को आपदाओं से बचाता है।


विडंबना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी पर्यावरणीय स्वीकृतियों और जुर्माने की दलीलों के पीछे छिपते नजर आते हैं। जबकि स्थानीय लोग रात के अंधेरे में चलने वाले खनन, तय सीमा से अधिक खुदाई और पहाड़ियों को समतल किए जाने की बात खुलकर कहते हैं। सवाल नियमों के अस्तित्व का नहीं, उनके ईमानदार क्रियान्वयन का है। जब अपराध आंखों के सामने हो और व्यवस्था मौन रहे, तो यह लापरवाही नहीं, मौन स्वीकृति बन जाती है। अवैध खनन के पीछे ठेकेदारों, आपराधिक तत्वों और राजनीतिक संरक्षण का गठजोड़ भी किसी से छिपा नहीं है। कागजों में निरीक्षण और फाइलों में कार्रवाई से इस समस्या का समाधान संभव नहीं। यही कारण है कि यह संकट केवल शिवालिक तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के कई संवेदनशील क्षेत्रों में यही कहानी दोहराई जा रही है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण बार-बार स्पष्ट कर चुके हैं कि आर्थिक लाभ पर्यावरण की कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। अब समय आ गया है कि जुर्माने की औपचारिकता से आगे बढ़ा जाए। प्रतिबंधित क्षेत्रों का स्पष्ट सीमांकन, ड्रोन और सैटेलाइट जैसी तकनीक से निगरानी, और सबसे अहम–लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। नागरिकों की चुप्पी और सत्ता की उदासीनता अगर यूं ही बनी रही, तो पहाड़ों के कटने की आवाज़ भविष्य में आपदाओं की चीख बनकर सुनाई देगी...।

## 84 महादेव आलेख श्रृंखला

# अठारहवाँ महादेव : श्री कलकलेश्वर महादेव

## जब घर में कलह हो, तो स्मरण करें कलकलेश्वर को जहाँ टूटते रिश्ते पाते हैं नई ऊर्जा, और बिखरते संस्कारों को मिलता है संबल

**डॉ. नवीन आनंद जोशी**





कलह से मुक्ति का दिव्य केंद्र आधुनिक युग में जब पारिवारिक कलह, वैवाहिक तनाव और दांपत्य विवाद समाज की सामान्य सच्चाई बनते जा रहे हैं, ऐसे समय में उज्जयिनी की पावन भूमि पर विराजमान श्री कलकलेश्वर महादेव आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए आशा, शांति और समाधान का दिव्य केंद्र बने हुए हैं।

यह केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि संस्कारों की पुनर्स्थापना और संबंधों के पुनर्जनन का आध्यात्मिक स्थल है।

उज्जैन की प्रसिद्ध चौरासी महादेवों की पावन श्रृंखला में अठारहवें क्रम पर विराजमान श्री कलकलेश्वर महादेव का मंदिर गोपाल मंदिर के समीप, मोदी की गली में, अग्रवाल धर्मशाला के सामने स्थित है।

यह स्थान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आज के अशांत पारिवारिक जीवन में सौहार्द और संतुलन का आध्यात्मिक समाधान भी प्रस्तुत करता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, एक समय माता पार्वती मातृकाओं के साथ विराजमान थीं। तभी भगवान शंकर ने उन्हें अपने समीप आने को कहा और बोले— 'हे महाकाली! मेरे गौर शरीर के पास बैठने से तुम्हारी शोभा बिजली के समान प्रकाशित होगी। मैंने श्वेत वस्त्र और श्वेत चंदन धारण किया है। तुम रात्रि के समान श्यामवर्णा हो, मेरे पास बैठोगी तो मुझे दृष्टिदोष नहीं लगेगा।'

भगवान शिव के ये शब्द माता पार्वती के हृदय को आहत कर गए। क्रोध में उन्होंने उत्तर दिया

'जब आपने नारद मुनि को मेरे पिता के पास विवाह प्रस्ताव के लिए भेजा था, तब क्या आपने मेरा रूप नहीं देखा था? तब तो मेरा रंग आपको स्वीकार था!'

यह विवाद इतना उग्र हो गया कि तीनों लोकों में संकट उत्पन्न हो गया। पंचतत्व—अग्नि, वायु, जल, आकाश और पृथ्वी—असंतुलित होने लगे। प्राकृतिक आपदाएँ फैलने लगीं। देवता, गंधर्व, यक्ष और ऋषि भयभीत हो उठे। संपूर्ण सृष्टि में कोलाहल और अशांति व्याप्त हो गई।



दिव्य ज्योतिर्लिंग का प्राकट्य

उसी क्षण पृथ्वी को भेदकर एक दिव्य ज्योतिर्लिंग प्रकट हुआ। उस लिंग से आकाशवाणी हुई—

'इस लिंग का पूजन करो। यह समस्त कलह और क्लेश को शांत करेगा।'

देवताओं ने विधिवत पूजन किया। पूजन के प्रभाव से माता पार्वती का क्रोध शांत हुआ और तीनों लोकों में पुनः शांति की स्थापना हुई। तभी देवताओं ने उस लिंग को नाम दिया—

'श्री कलकलेश्वर महादेव'

अर्थात् वह महादेव जो कलह और क्लेश का नाश करते हैं।

आज के समय में, जब पति–पत्नी के बीच छोटी–छोटी बातों पर विवाद, बढ़ते तलाक, टूटते परिवार और अशांत वातावरण आम हो चला है— श्री कलकलेश्वर महादेव की आराधना और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है।

निरंतर कलह न केवल दांपत्य जीवन को नर्क बना देती है, बल्कि इसका गहरा प्रभाव बच्चों के कोमल मन पर पड़ता है। अशांत वातावरण में पले बच्चे संस्कारों से दूर हो जाते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक सिद्ध होता है।

मान्यता है कि जो दंपत्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ श्री कलकलेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन करते हैं—उनके घर से कलह स्वतः दूर होती है

दांपत्य जीवन में सामंजस्य और प्रेम बढ़ता है ,गृह शांति की स्थापना होती है।यह भी विश्वास है कि यहाँ अभिषेक करने से व्याधि (रोग), सर्पभय और अग्निभय से मुक्ति मिलती है। पारिवारिक जीवन में संस्कार, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।यद्यपि श्री कलकलेश्वर महादेव के दर्शन वर्षभर किए जा सकते हैं, किंतु—श्रावण मास,चतुर्दशी तिथि इन दिनों यहाँ दर्शन–पूजन का विशेष महत्व माना गया है। इन अवसरों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है और वातावरण शिवमय हो उठता है।


श्री कलकलेश्वर महादेव केवल एक देवस्थान नहीं, बल्कि टूटते रिश्तों को जोड़ने, बिखरते संस्कारों को संवारने और अशांत जीवन को संतुलन देने वाले शिवतत्व हैं।

जब जीवन में कलह बढ़े, संवाद टूटे और शांति खो जाए,तो एक बार कलकलेश्वर के द्वार अवश्य जाएँ।क्योंकि जहाँ शिव हैं, वहाँ समाधान है।जहाँ कलकलेश्वर हैं, वहाँ कलह नहीं टिकती।

जारी...अगली यात्रा

**डॉ नवीन आनंद जोशी**
**ई 100 /22 शिवाजी नगर भोपाल मध्य प्रदेश**
**9425018708**
**9425016620**

## तुलसी के प्रमुख स्वास्थ्य लाभ...



तुलसी स्वास्थ्य के लिए एक संजीवनी बूटी है, जो एंटीऑक्सीडेंट और सूजनरोधी गुणों से भरपूर है। सुबह खाली पेट 4-5 पत्ते चबाने या चाय में पीने से प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यूनिटी) मजबूत होती है, सर्दी-खांसी में राहत मिलती है, तनाव कम होता है, और ब्लड शुगर व पाचन बेहतर रहता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता–** यह शरीर की सुरक्षा कोशिकाओं को सक्रिय कर बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाती है।

**सर्दी–खांसी व श्वसन तंत्र–** तुलसी के पत्ते और काढ़ा सर्दी, खांसी, बुखार, अस्थमा और सांस संबंधी समस्याओं में अत्यधिक प्रभावी हैं।

**तनाव और चिंता–** इसमें मौजूद यूजेनॉल और अर्सोलिक एसिड कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) को कम कर मानसिक शांति और अवसाद से मुक्ति में मदद करते हैं।

**पाचन में सुधार–** यह पाचन तंत्र को मजबूत करती है, गैस, अपच और पेट की समस्याओं में राहत देती है।

**हृदय और शुगर नियंत्रण–** यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित कर डायबिटीज में मदद करती है और कोलेस्ट्रॉल कम करके हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती है।

**त्वचा व मुंह का स्वास्थ्य–** इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण मुहांसे कम करते हैं और मुंह के छालों व दांतों की समस्याओं को ठीक करते हैं।

### सेवन का तरीका

प्रतिदिन सुबह खाली पेट 4-5 ताजी पत्तियां चबाएं या पानी के साथ निगलें।

तुलसी की चाय या काढ़ा (शहद के साथ) पीने से सर्दी में आराम मिलता है। तुलसी के सेवन से मानसिक तनाव और चिंता कम होती है। तुलसी में एंटी-स्ट्रेस एजेंट होते हैं जो मस्तिष्क को शांत होते हैं और मस्तिष्क को टैरोटाजा महसूस होते हैं।

### हृदय स्वास्थ्य में सुधार

तुलसी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। यह पोर्टफोलियो को नियंत्रित करने में सहायक है, जिससे दिल की अस्थिरता का खतरा कम हो जाता है।

## ज्ञानवाणी

# पिता द्वारा पुत्र को सीख

पिता और पुत्र साथ-साथ टहलने निकले,वे दूर खेतों की तरफ निकल आये, तभी पुत्र ने देखा कि रास्ते में, पुराने हो चुके एक जोड़ी जूते उतरे पड़े हैं, जो ...संभवतः पास के खेत में काम कर रहे गरीब मजदूर के थे।

पुत्र को मजाक सूझा. उसने पिता से कहा 9 क्यों न आज की शाम को थोड़ी शरारत से यादगार बनायें,आखिर ... मस्ती ही तो आनन्द का सही स्रोत है. पिता ने असमंजस से बेटे की ओर देखा।

पुत्र बोला 9 हम ये जूते कहीं छुपा कर झाड़ियों के पीछे छुप जाएं.जब वो मजदूर इन्हें यहाँ नहीं पाकर घबराएगा तो बड़ा मजा आएगा.उसकी तलब देखने लायक होगी, और इसका आनन्द मैं जीवन भर याद रखूंगा।

पिता, पुत्र की बात को सुन गम्भीर हुये और बोले 9 बेटा ! किसी गरीब और कमजोर के साथ उसकी जरूरत की वस्तु के साथ इस तरह का भद्दा मजाक कभी न करना. जिन चीजों की तुम्हारी नजरों में कोई कीमत नहीं,वो उस गरीब के लिये बेशकीमती हैं. तुम्हें ये शाम यादगार ही बनानी है, तो आओ .. आज हम इन जूतों में कुछ सिक्के डाल दें और छुप कर देखें कि ... इसका मजदूर पर क्या प्रभाव पड़ता है.पिता ने ऐसा ही किया और दोनों पास की ऊँची झाड़ियों में छुप गए।

मजदूर जल्द ही अपना काम ख़त्म कर जूतों की जगह पर आ गया. उसने जैसे ही एक पैर जूते में डाले उसे किसी कठोर चीज का आभास हुआ, उसने जल्दी से जूते हाथ में लिए और देखा कि ...अन्दर कुछ सिक्के पड़े थे।

उसे बड़ा आश्चर्य हुआ और वो सिक्के हाथ में लेकर बड़े गौर से उन्हें देखने लगा.फिर वह इधर-उधर देखने लगा कि उसका मददगार शख्स कौन है ? दूर-दूर तक कोई नज़र नहीं आया, तो उसने सिक्के अपनी जेब में डाल लिए. अब उसने दूसरा जूता उठाया, उसमें भी सिक्के पड़े थे,मजदूर भाव विभोर हो गया।

वो घुटनो के बल जमीन पर बैठ ...आसमान की तरफ देख फूट-फूट कर रोने लगा।

वह हाथ जोड़ बोला हे भगवान् ! आज आप ही किसी रूप में यहाँ आये थे, समय पर प्राप्त इस सहायता के लिए आपका और आपके माध्यम से जिसने भी ये मदद दी,उसका लाख-लाख धन्यवाद।

आपकी सहायता और दयालुता के कारण आज मेरी बीमार पत्नी को दवा और भूखे बच्चों को रोटी मिल सकेगी.तुम बहुत दयालु हो प्रभु ! आपका कोटि-कोटि धन्यवाद।

मजदूर की बातें सुन ... बेटे की आँखें भर आयीं।

पिता ने पुत्र को सीने से लगाते हुये कहा 9क्या तुम्हारी मजाक मजे वाली बात से जो आनन्द तुम्हें जीवन भर याद रहता उसकी तुलना में इस गरीब के आँसू और दिए हुये आशीर्वाद तुम्हें जीवन पर्यंत जो आनन्द देंगे वो उससे कम है, क्या ?

बेटे ने कहा पिताजी .. आज आपसे मुझे जो सीखने को मिला है, उसके आनंद को मैं अपने अंदर तक अनुभव कर रहा हूँ. अंदर में एक अजीब सा सुकून है।

आज के प्राप्त सुख और आनन्द को मैं जीवन भर नहीं भूलूँगा. आज मैं उन शब्दों का मतलब समझ गया जिन्हें मैं पहले कभी नहीं समझ पाया था.आज तक मैं मजा और मस्ती-मजाक को ही वास्तविक आनन्द समझता था, पर आज मैं समझ गया हूँ कि लेने की अपेक्षा देना कहीं अधिक आनंददायी है।

आइए हम भी इस कहानी के माध्यम से स्वयं तथा अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दें! कि कभी भी किसी भी परिस्थिति में किसी का मजाक ना उड़ाएं। अगर आनंद लेना ही है तो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप में किसी की सहायता करके लें। वह आनंद आपको तथा जिस की सहायता की उसको जिंदगी भर नहीं भूलेगा, तथा आपको परोक्ष रूप में आशीर्वाद देगा वह अलग है?

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1258 हुलगु खान और मंगोलों ने उस समय इस्लामी दुनिया के सांस्कृतिक और वाणिज्यिक केंद्र बगदाद को लूटा और जला दिया, जिससे अब्बासिद खिलाफत का शासन समाप्त हो गया।

1649 ब्रिटेन में लोकतंत्र की शुरुआत हुई और ओलिवर क्रॉमवेल राष्ट्रपति बने।

1742 सर रॉबर्ट वालपोल, जिन्हें प्राय: प्रथम ब्रिटिश प्रधानमंत्री कहा जाता है, को ऑरफोर्ड का प्रथम अर्ल स्वीकार किया गया।

1775 ब्रिटेन ने अपने अमेरिकी उपनिवेश मैसाचुसेट्स को विद्रोही घोषित कर दिया।

1775 ब्रिटिश संसद ने मैसाचुसेट्स कॉलोनी को विद्रोही घोषित कर दिया।

1801 लूनविले की संधि ने फ्रांस और ऑस्ट्रिया के बीच द्वितीय गठबंधन युद्ध को समाप्त कर दिया। संधि की शर्तों के तहत आचेन शहर को आधिकारिक तौर पर फ्रांस द्वारा कब्जा कर लिया गया था।

1813 प्रशिया ने कैंटन प्रणाली को समाप्त कर दिया।

1821 कोलंबिया कॉलेज की स्थापना कोलंबिया जिले में राष्ट्रपति मोनरो द्वारा की गई थी।

1824 उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपना लिया।

1825 किसी भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को बहुमत प्राप्त न होने के बाद, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने जॉन क्विंसी एडम्स को राष्ट्रपति चुना।


1832 फ्लोरिडा विधान परिषद ने जैक्सनविले, फ्लोरिडा के लिए एक शहर चार्टर प्रदान किया।

1846 जर्मन इंजीनियर विल्हेम मेबैक का जन्म हुआ जिन्होंने लग्जरी कार ब्रांड मेबैक की शुरुआत की थी।

1871 संघीय मछली संरक्षण कार्यालय को अमेरिकी कांग्रेस द्वारा अधिकृत किया गया था।

1913 उत्तर और दक्षिण अमेरिका के पूर्वी समुद्र तट के अधिकांश भाग में उल्काओं का एक समूह दिखाई दिया, जिससे खगोलविदों ने निष्कर्ष निकाला कि इसका स्रोत पृथ्वी का एक छोटा, अल्पकालिक प्राकृतिक उपग्रह रहा होगा।

## राशिफल



**मेष राशि:** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, लेकिन आपको अपने डिसीजन को सोच समझ कर लेना होगा, नहीं तो आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।




**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिताएंगे। आप उन्हें कहीं शॉपिंग पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आपके घर में यदि कुछ काम पेंडिंग पड़े थे, तो उन्हें भी पूरा करने के लिए आपको समय निकालना होगा।



**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। आप किसी नई नौकरी को ज्वाइन कर सकते हैं। परिवार में लोगों की बातों को समझना होगा। आपकी कुछ नया करने की आदत आपकी इनकम को बढ़ाएगी और आप किसी सहयोगी के साथ कोई पार्ट टाइम कार्य कर सकते हैं।



**कर्क राशि:** आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा। आपके कामों से आपके जूनियर भी आपसे काफी खुश रहेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को भी आसानी से निभाएंगे। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी बड़े नेता से मिल सकते हैं। आपका कोई दोस्त आपसे लंबे समय बाद मिल सकता है।



**सिंह राशि:** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था बढ़ेगी। विद्यार्थियों ने यदि किसी प्रतियोगिता में भाग लिया था, उसमें उन्हें जीत मिल सकती है। आपको अपने पिताजी की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा।




**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। यदि आपने काम पर ध्यान लगाया और अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दिया था, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।




**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। आपको धन संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए अपनी मेहनत दुगनी करनी होगी। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के साथ कोई फ्रॉड हो सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।



**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों की छवि निखरेगी, जिससे आपके समर्थन में भी इजाफा होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों का रिश्ता बेहतर रहेगा। आपको किसी काम में पार्टनरशिप करने से बचना होगा। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल होगी।



**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। पारिवारिक मुद्दे फिर से उठेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी बड़ी जिम्मेदारी के मिलने से घबरा सकते हैं। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे।



**मकर राशि:** ाज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी आपको अपने क्रोधी स्वभाव में बदलाव लाना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके सहयोगी आपसे किसी जरूरी काम को लेकर डिस्कशन कर सकते हैं।



**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए खर्चों भरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आप शौक की चीजों पर ज्यादा धन व्यय कर सकते हैं। यदि आप संतान के भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करें, तो उसमें किसी अनुभवी व्यक्ति से राय अवश्य ले, नहीं तो आपका धन फंसने की संभावना है।



**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। विद्यार्थियों को यदि कोई पढ़ाई लिखाई से संबंधित समस्या चल रही है, तो वह अपने सीनियर की मदद से दूर कर सकते हैं। आपका धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

# सीएचसी नटेरन में सीएमएचओ ने की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नटेरन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा गत दिवस स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अघतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई है।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ ने सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एमपीएस तथा एएनएम स्टाफ के कार्यों का बिंदुवार मूल्यांकन किया। उन्होंने यू-विन पोर्टल पर रियल टाइम एंट्री, एचआरपीडब्ल्यू (हाई रिस्क प्रेग्नेंट वुमन) की पहचान, एएनसी पंजीकरण, अनुमानित प्रसव तिथि की सही दर्जीकरण तथा 4 एएनसी चेकअप की शत-प्रतिशत पूर्ति पर विशेष जोर दिया। सीएमएचओ ने कहा कि गर्भवती माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में चिन्हित गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करें तथा निर्धारित जांचें पूर्ण कराएं। आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण और उपचार लाभ की स्थिति पर चर्चा करते हुए सीएमएचओ ने लक्ष्य पूर्ति में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में एचबीएनसी (होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर) अंतर्गत सात फरवरी 2026 की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। नवजात शिशुओं के घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और फॉलोअप में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

सीएमएचओ ने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी डेटा की एंट्री समय पर और सही तरीके से पोर्टल पर दर्ज की जाए, जिससे शासन स्तर पर योजनाओं की वास्तविक प्रगति प्रदर्शित हो सके। अंत में बीएमओ और बीपीएम को मॉनिटरिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने, फील्ड विजिट बढ़ाने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता बनाए रखने के



## संक्षिप्त समाचार

### जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आज

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सोमवार 9 फरवरी को टीएल बैठक के बाद कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में राज्य शासन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप में विद्यालयों, महाविद्यालयों,तकनीकि एवं चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक तनाव एवं विषाद तथा बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्तियों से उभारने व मनोवैज्ञानिक काउसिलिंग हेतु किए जाने वाले प्रावधानो के संबंध में निर्णय कर उनका क्रियान्वयन किया जाएगा। क्रमांक 70

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** ।जिला जनगणना समन्वय समिति का की बैठक सोमवार 9 फरवरी को आयोजित की गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में टीएल बैठक के उपरांत शुरू होगी। बैठक में जनगणना निदेशालय से विदिशा जिले के जिला प्रभारी सुश्री दीक्षा केशरवानी भी उपस्थित रहेगीं जिला स्तरीय समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की सूचनाएं संप्रेषित की गई है।

### नयी श्रमिक संहिताओं पर कार्यशाला आज

**सीहोर।** श्रम विभाग ने 9 फरवरी को 'बंधक श्रम उन्मूलन दिवस' पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर (मिंटो हॉल) में कार्यशाला का आयोजन किया है। उद्घाटन सुबह 10 बजे श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल करेंगे। कार्यशाला में राज्य स्तरीय एक्शन प्लान का विमोचन भी होगा। बंधक श्रम (बंधुआ मजदूरी) कराने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश का श्रम विभाग 9 फरवरी 'बंधक श्रम उन्मूलन दिवस' से विशेष अभियान भी शुरू करने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्रम मंत्री की पहल पर विभाग ने बाल एवं बंधक श्रम को रोकने और जागरुकता लाने एक विशेष 'वेदा पहल' की शुरुआत की है। **पहला:** बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत राज्य एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। इसमें अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण, पहचान, बचाव एवं पुनर्वास की प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी। **दूसरा:** बंधुआ श्रम (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के क्रियान्वयन के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अधिनियम की उपलब्धियों एवं वर्तमान चुनौतियों पर विचार किया जाएगा। **तीसरा:** नई चार श्रम संहिताओं के माध्यम से श्रमिकों, विशेषकर महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

### जिला स्तरीय युवा संगम मेला 10 को

**रायसेन।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 10 फरवरी 2026 को नगर परिषद प्रांगण सुल्तानपुर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 10 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, भास्कर मण्डीदीप, आईपीएस भोपाल, इंसुलेटर एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मण्डीदीप, यश्यवी ग्रुप मण्डीदीप, सागर मेनिफेक्चर तामोट, होम हेल्प सेंटर रायसेन, हकाई सिकरोटी मण्डीदीप, आर सेठी रायसेन, वोल्वो आयशर वगरोदा, शुभम एंटरप्राइजेज भोपाल, एसआईएस सिंगरोली जिला रायसेन द्वारा विभिन्न पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी।

**रबी विपणन वर्ष 2026-27**

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन प्रारंभ, 7 मार्च तक चलेगा अभियान

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 07 मार्च तक जारी रहेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अनिल तंतुवाय ने जानकारी देते हुए बताया कि विदिशा जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 113 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा।

**तहसीलवार पंजीयन केंद्रों की संख्या इस प्रकार है :** विदिशा - 26, बासौदा - 11, त्योंदा - 4, सिरोंज - 15, कुरवाई - 12, पठारी - 4, लटेरी - 10, नटेरन - 7, शमशाबाद - 8, ग्यारसपुर - 7 तथा गुलाबगंज - 9 केंद्र बनाए गए हैं।

**पंजीयन की प्रमुख शर्तें व प्रक्रिया :** सिकमी बटाईदार किसानों का पंजीयन मूल भू-स्वामी के आधार नंबर पर ओटीपी सत्यापन के बाद ही किया जाएगा। सिकमी बटाईदार अनुबंध को ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही पंजीयन पूर्ण



माना जाएगा। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों के लिए वन पट्टा तथा सिकमी, बटाईदार किसानों के अनुबंध 02 फरवरी 2026 से पूर्व पंजीकृत होना अनिवार्य है, तभी वे मान्य होंगे।

पंजीयन के समय किसान को भूमि संबंधी दस्तावेज, सिकमीध्बटाई अनुबंध, कोटवार प्रमाण, वन पट्टा (जहां लागू), आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

शामिलात भूमि के संबंध में शामिलात भूमि धारकों के पंजीयन हेतु भूमि का स्पष्ट विवरण तथा सभी संबंधित धारकों की लिखित सहमति आवश्यक होगी। बैंक खाते से संबंधित अनिवार्य जानकारी पंजीयन के समय किसान को अपना बैंक खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड उपलब्ध कराना होगा। जनधन, निष्क्रिय संयुक्त खाते तथा फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते मान्य नहीं होंगे। किसान का बैंक खाता आधार और मोबाइल नंबर से लिंक होना आवश्यक है।

**अन्य विकल्प :** निर्धारित शासकीय पंजीयन केंद्रों के अलावा किसान डच् व्दसपदम कियोस्क, पंजीकृत ब्ब् सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से सशुल्क पंजीयन भी करवा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को शासन निर्देशानुसार आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने तथा समयसीमा में अधिकतम किसानों का पंजीयन पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। किसानों से भी अपील की गई है कि पंजीयन के समय दी गई समस्त जानकारी का सावधानीपूर्वक मिलान कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मंत्री विश्वास सारंग ने कुबेरेश्वर धाम पर नवीन अस्पताल का किया लोकार्पण

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सीहोर के कुबेरेश्वर धाम पर विठ्लेश सेवा समिति द्वारा बनाए गए नवीन अस्पताल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कुबेरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा के दृष्टिगत समीक्षा बैठक आयोजित कर इस महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आयोजन समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया।



उन्होंने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समिति प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य सुनिश्चित करे। इस दौरान प्रशासन, कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा तथा कुबेरेश्वर धाम समिति द्वारा मंत्री सारंग को आयोजन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सुदीप प्रजापति, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी श्रीमती अभिनंदना शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## लाड़ली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में आई खुशियां

**रायसेन।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजना के तहत लाड़ली बहनों को अब हर महीने 1500 रू की राशि प्राप्त हो रही है। रायसेन जिले के सांची निवासी श्रीमती कल्पना कुशवाह और श्रीमती महिमा शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके मान-सम्मान को बढ़ाने का काम रही है। योजना के तहत प्रतिमाह मिल रही राशि का उपयोग वह अपनी जरूरतों को पूरा करने और बच्चे की पढ़ाई में खर्च कर रही है।

## बेतवा मैराथन 2026 के लिए तैयार विदिशा विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक नकद पुरस्कार

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** जिले के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, विदिशा द्वारा आयोजित 'बेतवा मैराथन - 2026' की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। यह भव्य मैराथन प्रतियोगिता आगामी 21 फरवरी 2026 को आयोजित होगी। मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश टूरिज्म के सहयोग से किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आयोजकों द्वारा विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं हेतु आकर्षक नकद पुरस्कार घोषित किए गए हैं।

**पुरस्कार :** विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि के संबंध में बताया गया है कि तीनों श्रेणियों में पुरुष एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों को अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**हाफ मैराथन 21 किलोमीटर में :** प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार दस हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए दिए जाएंगे इसी प्रकार 10 किलोमीटर ओपन रन में प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार पांच हजार रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए जबकि 5 किलोमीटर (रन फॉर फन) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पांच हजार रुपए द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रुपए तृतीय पुरस्कार दो हजार रुपए की राशि प्रदाय की जायेगी। सीनियर नागरिक (50 आयु वर्ग) के लिए भी 5 किलोमीटर की विशेष दौड़ आयोजित की जाएगी।

**मैराथन रूट विवरण :** मैराथन का शुभारंभ रवीन्द्रनाथ टैगोर संस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम, विदिशा से होगा।

5 किमी, 10 किमी एवं 21 किमी मार्ग क्रमशः स्वामी विवेकानंद चैराहा, चरणतीर्थ एवं उदयगिरि तक जाएंगे तथा वहीं से वापसी कर रवीन्द्रनाथ ऑडिटोरियम पर समापन होगा।

**दौड़ प्रारंभ समय :** 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सुबह 5 बजे से 10 किलोमीटर की सुबह 6 बजे और 05 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से शुरू होगी।

**पंजीयन जानकारी :** मैराथन में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 15 फरवरी तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए पोस्टर पर दिए गए फत् कोड को स्कैन कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है या मोबाइल नंबर 9893901915 पर संपर्क किया जा सकता है। यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य और पर्यटन को एक मंच पर लाने का अनूठा प्रयास है, जिससे विदिशा जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों से भागीदारी की अपील की गई है।

# जिला जनगणना समन्वय समिति सदस्यों के दायित्व

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** जनगणना-2027 से सम्बंधित जिन दायित्वों का निर्वाहन जिला जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों द्वारा संपादित किया जायेगा कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी (जिला जनगणना समन्वय समिति अध्यक्ष) जिला अंतर्गत सभी चार्ज अधिकारियों (तहसीलदार, नगरपालिका अधिकारी, इत्यादि) को जनगणना-2027 सम्बंधी सभी कार्यों का समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु समुचित निर्देश जारी करना एवं समस्त कार्य की सतत् मानिटरिंग करना। जनगणना कार्य हेतु लगाये जाने वाले कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, जनगणना के मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स एवं फील्ड स्टाफ को नियुक्त एवं ससमय उनका प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित कर उनका समयावधि में कार्यवाही पूरी कराना शामिल हैं। जिला जनगणना अधिकारी जिला अंतर्गत जनगणना-2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में प्रमुख जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करना। जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित करना एवं जिला स्तर पर समस्त आगामी कार्यवाही सुनिश्चित करना। अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना, सांख्यिकी अधिकारी जिला अंतर्गत जनगणना-2027 का सम्पूर्ण कार्य सफलतापूर्वक एवं ससमय सम्पादित करने में जिला जनगणना अधिकारी को सहयोग प्रदान करना।

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जिलाध्चार्ज स्तर, पर जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली सीएमएमएस) पोर्ट हाउसलिस्टिंग ब्लॉक किएटर (एचएलबीसी) एवं मोबाइल एप्प इत्यादि का सफल संचालन सुनिश्चित करना एवं जनगणना कार्य से सम्बंधित डिजिटल प्रोद्योगिकी सम्बंधी सहयोग प्रदान करना। जिलाध्चार्ज पर नियुक्त तकनीकी सहायकों को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना एवं उनके कार्य को सतत् मोनिटरिंग करना। जिला शिक्षा अधिकारी जनगणना-2027 के दोनों चरणों के फील्ड कार्य के सफल संचालन हेतु आवश्यकता अनुसार शिक्षकों को प्रगणक पर्यवेक्षक के रूप में उपलब्ध करवाना। परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण जनगणना सम्बंधी कार्यों का समन्वय करना। जिले के समस्त नगरीय निकायों के जिला जनसंपर्क अधिकारी को जनगणना-2027 के दोनों चरणों के प्रचार प्रसार में सहयोग एवं प्रिंट, सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उचित स्थानध्स्लॉट दिलवाना एवं प्रेस विज्ञप्ति संदेश जारी करने का दायित्व सौंपा गया है।

## दरियाबाद में मानवता की मिसाल:रशीद अंसारी मेमोरियल फाउंडेशन ने लगाया भव्य नि:शुल्क न्यूरो ओपीडी शिविर

❑ गरीब व जरूरतमंद मरीजों को मिला विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन का मुफ्त इलाज, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**विदिशा, नगर प्रतिनिधि।** जनसेवा को समर्पित रशीद अंसारी मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा दरियाबाद में रविवार को एक भव्य नि:शुल्क ओपीडी शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी सहित समाजसेवियों का फाउंडेशन अध्यक्ष रिजवान रशीद अंसारी द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुशील कुमार यादव, दिलशाद हुसैन, मुनीर अंसारी एवं मोहम्मद अरशद की उपस्थिति रही। शिविर में प्रसिद्ध एवं अनुभवी न्यूरोसर्जन द्वारा क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को नि:शुल्क उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया ।फाउंडेशन अध्यक्ष रिजवान रशीद अंसारी ने बताया कि वर्तमान समय में तंत्रिका संबंधी बीमारियों से



पीड़ित मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इस नि:शुल्क ओपीडी में सिर में लगातार दर्द, मिर्गी, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएँ, नसों के रोग, हाथ-पैर में सुन्नपन, लकवा सहित अन्य न्यूरो रोगों की जांच की गई। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया ।उन्होंने क्षेत्र के सभी गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों से अपील की कि वे इस मानवता सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

कवर स्टोरी / डॉ. ओम निश्चल

वैसे तो मुहब्बत का कोई दिन मुकर्रर नहीं होता। ये कभी भी कहीं भी किसी को किसी से हो जाती है। लेकिन हाल के वर्षों में वैलेंटाइन-डे को प्यार के वार्षिक उत्सव के रूप में मनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। मुहब्बत की कहानी तभी से शुरू हो गई थी, जब से इंसान ने धरती पर जन्म लिया। गुजरते वक्त के साथ इसकी मूल भावना भले न बदली हो पर इसके स्वरूप में बहुत बदलाव आ गए हैं। मुहब्बत की दास्तान और इसके बदलावों पर एक नजर।



# दास्तान-ए-मुहब्बत
# जज्बात वही-अंदाज नया



प्रेम ऐसा मानवीय अहसास है, जिससे कोई भी अछूता नहीं रहता। यह कुदरत की देन है। हमारी ऋतुएं भी प्रेम की बयार बहाने में मदद करती हैं।

**बदल गया प्रेम का स्वरूप:** इस वसुधा पर वसंत आता ही है, प्रेम का अहसास लेकर। वसंत और प्रेम का बहुत घना रिश्ता है। हमारा साहित्य प्रेम के ऐसे उद्गारों से भरा है। पहले के जमाने में प्रेम को सौ पर्दे में छिपाकर रखा जाता था कि कोई जान न ले। आज तो प्रेम जताने का चलन है। सोशल मीडिया ने सब कुछ उघार दिया है। लज्जा के वसन उतार फेंके हैं दिलफेंक प्रेमियों ने। लेकिन क्या वही प्रेम आज है, जो कभी हीर-रांझा में था, जो कभी रोमियो और जूलियट में था, जो कभी पिरामिस और थेसबी में था, जो लैला-मजनू में था? अब तो मजनू भी वैसे न रहे, न लैला ही, केवल मजनू के टीले बचे हैं, जहां प्रेम नदारद है। प्रेम की सुंदर अनुभूति को मनुष्य ने धीरे-धीरे बाजारू बना दिया है। हमने प्रेम की जड़ों को सींचने के बजाय काटना शुरू किया। हमने प्रेम के आख्यान लिखे, गीत लिखे, कविताएं लिखीं, मंदिरों के स्थापत्य को प्रेम के उत्कीर्णनों से भर दिया पर जीवन में प्रेम छीजता रहा।



**प्रेम बिना जीवन हो जाए नीरस:** कहते हैं, प्रेम एक ऐसी शै है कि यह छुप नहीं सकता। एक दिन सारी दुनिया जहान को पता चल ही जाता है कि बंदा प्रेम में है। लेकिन भले ही पता चल जाए, मुहब्बत करने वालों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रेम जीवन को संतुलित करने का नाम भी है। प्रेम को, जो काम की ही एक चैतन्य संज्ञा है, पुरुषार्थ चतुष्ट्य का अपरिहार्य अंग है। काम न हो, प्रेम न हो, राग न हो, अनुराग न हो, आसक्तियां न हों तो जीवन काहे का। यह मशीन की गतिशीलता बनाए रखने वाले लुब्रीकेशन की तरह है। यह न हो तो जीवन नीरस हो जाए। कविवर नीरज ने कहा ही है, *'प्यार अगर थामता न पथ में/ अंगुली इस बीमार उमर की/ हर पीड़ा वेश्या बन जाती/ हर आंसू आवारा होता।'* इस तरह प्रेम जीवन का एक अपरिहार्य पहलू है।

**बावरा मन करता है प्रेम:** कभी गीतकार रामावतार त्यागी के पत्रों की एक पुस्तक हाथ लगी थी। नाम था-चरित्रहीन के पत्र। हर पत्र में संबोधन के साथ अंत में लिखा होता था, 'तुम्हारा चरित्रहीन।' अद्भुत प्रेम की छुअन लिए पत्र थे। त्यागी जी ने एक गीत में लिखा है, *'अक्लमंदी हमारे नाम के आगे नहीं जुड़ती/ मगर भोले नहीं इतना कि जितना आम दिखते हैं/ हमें हस्ताक्षर करना न आया चेक पर माना/ मगर दिल पर बड़ी कारीगरी से नाम लिखते हैं।'* सच, मुहब्बत में अक्लमंदी नहीं चलती। वह तो बावरे मन का काम हैं।

कवियों ने प्रेम के ही गीत गाए। सगुण और निर्गुण प्रेम की धारा बहाई। मीरा, रसखान, पद्माकर, रत्नाकर प्रेम के ही कवि हैं। कृष्णमूर्ति कहते थे, 'जहां निर्भरता और आसक्ति है, वहां प्रेम नहीं रह सकता।'

**होने लगा है प्रेम का पूंजी प्रबंधन:** प्रेम को प्रबंधन करने का दौर चल पड़ा है। दिल की राह पर चलने वाले लोग, उपहारों के उत्कोच से प्रेम को बांधने का जतन करते हैं। पर सच्चा प्रेम कब इन उपहारों से बंधा है। जहां उपहारों की बारिश खत्म, प्रेम और मुहब्बत की सारी नवाजिश हवा हो जाती है। फिर निराला के इस गीत जैसा हाल ही प्रेमियों का होता है- *स्नेह निर्झर बह गया है, रेत ज्यों तन रह गया है।*

प्रेम सीधे-सच्चे स्नेह का पथ है। इस राह पर छली, कपटी दूर तक नहीं चल सकता। प्रेम के कई रंग हैं- पारिवारिक प्रेम, आत्मिक प्रेम, दांपत्य प्रेम, रूहानी प्रेम। इसी अनुरागमयता से यह संसार चल रहा है।

**आया चट चैट-पट प्यार का दौर:** प्रेम का जैसा लौकिक और अलौकिक बखान हमारे साहित्य में है, समाज में बिल्कुल नहीं। प्रेम सांसारिक भोग और विलास में बदल गया। आज मोबाइल पर हर दूसरा मैसेज प्यार का लिखा जा रहा है। हर शख्स आई लव यू के बुखार से ग्रस्त है। चट चैट, पट प्यार का फार्मूला ईजाद हो रहा है पर प्यार है कि जीवन में घुल ही नहीं रहा। अब चिट्ठियों का जमाना नहीं रहा कि महीनों लिफाफे से मुहब्बत की खुशबू आती थी। लोग उसे दिल के तहखाने में छुपा के रखते और एकांत में खोल कर पढ़ा करते थे। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स प्यार के इजहार का मंच बन गए हैं। प्रेम और वासना की रीलें बनाई जा रही हैं। इंटरनेट प्रेम कहानियों से भरा है, पर जीवन मे प्रेम नदारद है।

**जरूर खोलिए प्यार का एकाउंट:** एक बार फिर वैलेंटाइन-डे आ पहुंचा है प्रेम की याद दिलाने। वह जैसे हमारी देहरी पर दरवाजा खटखटा रहा है। लेकिन सच्ची मुहब्बत करने वाले खूबसूरत लोग अब नहीं दिखते हैं। ऐसा इसलिए कि हमने सच्चे दिल से अपने जीवन में प्रेम का खाता नहीं खोला। इसलिए यदि जीवन को बचाना है, समाज को बचाना है, मन को बेगानेपन से बचाना है तो क्रिएट ए लव एकाउंट। प्रेम का खाता जरूर खोलिए जीवन में। मुहब्बत के जज्बे को संकीर्ण न होने दीजिए। एक हाथ मुहब्बत का आगे बढ़ाइए, देखिए सौ हाथ आगे बढ़ कर आपका हाथ थाम लेंगे। तब आप भी नीरज की तरह कह उठेंगे, *'एक नहीं, दो नहीं, करोड़ों साझी मेरे प्यार में।'* *

## प्रेमारंभ की प्राचीन मान्यता


**प्रेम की** भावना यों तो हर किसी में इनबिल्ट होती है, पर सदियों पुरानी कहानी है, जब ईडन गार्डेन में आदम ने दो पक्षियों, दो पशुओं को आपस में अभिसार-मुद्रा में देख ईश्वर से पूछा कि यह क्या है? तो ईश्वर ने कहा यह प्रेम है। ये सभी प्रेम में आबद्ध हैं। तब उदास होकर आदम ने कहा मेरे जीवन में तो कोई है ही नहीं। मैं किससे प्रेम करूं? ईश्वर ने कहा, 'तुम प्रतीक्षा करो कल तक।' कुछ देर में आदम को वहीं एक पेड़ के नीचे गहरी नींद आ गई। जगा तो उसे एक सुंदरी दिखी। वह उसके प्रेम के वशीभूत हो बैठा। प्रेम के इस वर्जित फल को चखने का परिणाम ही है यह सृष्टि।



# महान हस्तियों के यादगार प्रेम पत्र

आज के दौर में प्रेमी युगल को भले ही अपनी फीलिंग प्रकट करने के लिए पत्र लिखने की जरूरत नहीं रह गई है। लेकिन प्रेम पत्र लिखने का दौर भी बहुत खूबसूरत रहा है। कई प्रसिद्ध हस्तियों के पत्र तो आज भी हर प्रेम करने वाले के लिए किसी धरोहर से कम नहीं है।


अहसास / डॉ. अनिता राठौर



जब से मैंने आपके बारे में सुना है, मेरे प्रभु! मैं आपकी ओर पूरी तरह से आकर्षित हो गई हूं। कृपया शिशुपाल से मेरे विवाह से पहले अवश्य आएं और मुझे ले जाएं। अगर आप मुझ पर यह कृपा नहीं करते हैं, तो मैं उपवास और कठोर व्रतों का पालन करके अपना जीवन त्याग दूंगी। तब शायद अगले जन्म में मैं आपको प्राप्त कर सकूंगी।' यह संसार का संभवतः सबसे पहला प्रेम पत्र है, जो रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को लिखा था। यह पत्र हमें श्रीमद्भागवतम के सर्ग 10 के अध्याय 52 में मिलता है।


**पत्रों में व्यक्त होती थीं भावनाएं:** जब कॉल्स व इंस्टेंट मैसेजिंग का दौर नहीं था। तब प्रेमी अपने इश्क का इजहार करने के लिए अपने जज्बात शब्दों में पिरोकर कागज पर अंकित कर दिया करते थे। चिट्ठियों का वो दौर भी क्या दौर था कि प्रेमी या प्रेमिका के लिए दिल की गहराइयों से निकले हुए सुनहरे अल्फाज साहित्य की अमर कृतियां बन गई हैं।

**कैफी आजमी-शौकत:** बीस दिन गुजर चुके थे और शायर कैफी आजमी को अपनी प्रेमिका शौकत (बाद में पत्नी) की कोई खबर नहीं मिली थी। उन्हें लगा कि शौकत उनसे किसी बात पर नाराज हो गई हैं। उन्हें मनाने के लिए रात में 1 बजे कैफी ने अपने खून से एक प्रेम पत्र लिखा, 'तुम्हें लिखने के बाद मैंने लिफाफे को बंद किया और बिस्तर में चला गया यह सोचते हुए कि कुछ नींद आ जाएगी, लेकिन नींद नहीं आई। मैंने तुम्हारे पिछले खत को फिर पढ़ा और अपने आंसू रोक न सका। शौकत, ये मेरी बदकिस्मती है कि तुम्हें मुझ पर या मेरे प्यार पर यकीन नहीं है। कुछ दिन से मैं कुछ नहीं सोच रहा हूं, सिवाय इसके कि तुम्हें किस तरह से यकीन दिलाऊं कि मैं तुमसे प्यार करता हूं। मैंने एक ब्लेड से अपनी कलाई पर गहरा घाव कर लिया है और अब अपने खून से तुम्हें खत लिख रहा हूं। महीनों मैंने अपने प्यार के लिए आंसू बहाए हैं और अब मैं खून बहा रहा हूं। मुझे नहीं मालूम हमारा भविष्य क्या है। मोती (शौकत का प्यार का नाम), मुझे बहुत गहरा सदमा लगा है। तुम ये कैसे लिख सकती हो- 'अब मैं जान गई हूं कि उसकी आंखें मुझ पर नहीं हैं बल्कि किसी और पर हैं, जो उसे समझती नहीं है, न ही वह उसे समझना चाहती है?' इन शब्दों को वापस ले लो, शौकत, और मेरे प्यार का मजाक मत उड़ाओ। अगर तुम मेरे लिए कुछ नहीं कर सकती, तो कोई बात नहीं। तुम्हें प्यार करते ही मैं जान गया था कि मेरे लिए कोई उम्मीद नहीं है। खुदा मेरी हिफाजत करेगा। तुम्हें मेरे प्यार पर, मेरे इरादे पर शक है कि मैं तुमसे शादी करूंगा या नहीं। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि एक दिन मैं तुम्हे और दुनिया को साबित कर दूंगा कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं। मेरी शौकत, मेरा और मेरे प्यार का क्या होगा। हम तुम एक दूसरे से इतनी दूर हैं कि तुम्हारे लिए मेरे दर्द को देखना मुमकिन नहीं है। अगर तुम्हें मेरी कोई बात बुरी लगी हो तो मुझे माफ कर देना। प्यार और ढेर सारा प्यार, तुम्हारा कैफी।'



शौकत के साथ कैफी आजमी

**जॉन कीट्स-फैनी ब्रॉने:** रोमांटिक कवि जॉन कीट्स की प्रेमिका फैनी ब्रॉने ने उनके प्रेम पत्र पढ़कर लिखा था, 'मुझे वह शब्द मत लिखो, जिनसे तुम्हारा ज्ञान-काबिलियत प्रकट होती हो, बल्कि वह अल्फाज लिखो जो तुम्हारे दिल की गहराइयों से निकले हों।' इसके बाद कीट्स ने अपने प्रेम पत्रों की शैली बदल दी थी और अपने दिल के जज्बात कागज पर बयान करने लगे थे। एक बानगी देखिए, 'तुम हमेशा नई लगती हो। तुम्हारा पिछला चुंबन सबसे अधिक मीठा था, तुम्हारी पिछली मुस्कान सबसे अधिक चमक लिए हुए थी, तुम्हारा नागिन की तरह पिछला चलने का अंदाज सबसे अधिक दिलकश था। जब कल तुम मेरी खिड़की के पास से गुजरी थीं तो मेरे प्यार भरे जज्बात वैसे ही उमड़े थे, जैसे तुम्हें पहली बार देखने पर उमड़े थे। अगर तुम मुझसे प्यार न भी करतीं तो भी मेरा प्यार सारी उम्र तुम्हें ही समर्पित रहता।'



जॉन कीट्स-फैनी ब्रॉने

**व्लादिमीर नबोको-वेरा:** व्लादिमीर नबोकोव की वेरा से पहली मुलाकात 1921 में हुई थी। व्लादिमीर के वेरा के लिए पत्र अपनी पूर्णता में यादगार हैं। एक पत्र में उन्होंने लिखा है, 'मेरी कोमल कली, मेरी खुशी, मैं तुम्हारे लिए क्या शब्द लिखूं? यह कितना अजीब है कि मेरा जीवन कार्य कागज पर कलम चलाना है, लेकिन मैं यह नहीं जानता कि तुम्हें कैसे बताऊं कि मैं तुम्हें प्यार करता हूं। ऐसी उत्तेजना और ऐसी दैविक शांति पिघलता बादल धूप में गुम होते हुए खुशी का पहाड़ और मैं तुम्हारे साथ तैर रहा हूं। तुम में, जलता, पिघलता और पूरा जीवन तुम्हारे साथ बादलों की गति जैसा है, उनका हवाई, शांत गिरना, उनका हल्कापन कोमलता और रंग भरी आसमानी विविधता-मेरा प्रेम। मैं इस एहसास को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।' *

प्रेम-गीत / विनोद श्रीवास्तव

## प्यास को मानसरोवर दिया

बंजर ही बंजर था
किसने हरा-भरा कर दिया
प्यास को मानसरोवर दिया।
अग्निशरों से बींध-बींधकर
छलनी कर दी काया
फेंक दिया तपती धरती पर
मांग रहा था छाया।
पतझर ही पतझर था
किसने फूलों का घर दिया
अधर पर वंशी को धर दिया।
मंदिर-घाट-हाट-मेले की
सुधियां हैं गहराईं
उजड़े डेरे सोच-सोचकर
आंखें हैं भर आईं।
अक्षर ही अक्षर था
किसने प्राणों को स्वर दिया
कंठ को गीतों से भर दिया।

व्यंग्य / राकेश सोहम

वैलेंटाइन डे के दिन जब वे अपनी पत्नी के साथ टहलने पहुंचे। जब चलते-चलते थक गए और घास पर बैठकर सुस्ताने लगे। तभी एक सुरक्षाकर्मी प्रकट हुआ। डंडा घुमाते हुए बोला, 'क्या हो रहा है यहां?' शादी के बाद बची-खुची अकड़ समेटकर उन्होंने कहा, 'क्या मतलब है जी आपका?' उसने आंख मारते हुए पहला सवाल दोहराया, 'क्या कर रहे हो यहां?'

# वैलेंटाइन डे पर हुई मुसीबत

इधर 'वैलेंटाइन डे' का त्यौहार सिर पर है और दिमाग का दही हुआ पड़ा है। यह दिवस एक देशव्यापी त्यौहार बन गया है, जो प्रति वर्ष नियत तिथि पर मनाया जाता है। यह अनोखा त्यौहार बाजारों में भारी चमक-दमक के साथ आता है, लेकिन मनाने में दम निकल जाता है। कई लोगों को हर्षोल्लास की बजाय चोरी-छिपे मनाना पड़ता है। उपहारों का आदान-प्रदान गोपनीय रखना पड़ता है।

गो कि मिठाई चुपके से 'गप' कर लो और चबाते हुए मुंह चलाने का पता भी न चले। युवा अपने अभिभावकों से मुंह छिपाए घूमते हैं। वे घरों से निकलते हैं, अपनी वैलेंटाइन के लिए उपहार खरीदते हैं और उपहार को निपटा कर ही वापस लौटते हैं। बेचारे उम्रदराज, बड़ी उलझन में होते हैं। अधिकार प्राप्त निजी वैलेंटाइन के साथ भी मुश्किल में पड़ जाते हैं।


मेरे जैसे सठिया, खूसठों के द्वारा यह त्यौहार मनाना तो दूर, कुछ सूझता तक नहीं है! वैलेंटाइन डे की बात सूझने मात्र से पत्नी जी का मुंह सूज जाने का भय बना रहता है। उसे दुनिया की सभी स्त्रियों में वैलेंटाइन दिखाई देने लगती है। घर के दरवाजे पर आई बेचारी सेल्स गर्ल अपने उत्पाद के बारे में कुछ बताए, इसके पूर्व पत्नी इतना उत्पात मचा देती है कि वह पतली गली से भाग निकलती है।

एक वाकया याद आ रहा है। पिछले साल हुआ यों कि 'वैलेंटाइन डे' पर अपनी असली पत्नी के साथ 'टहलू पार्क' में टहलने गया था। हम चलते-चलते थक गए और घास पर बैठकर सुस्ताने लगे। तभी एक सुरक्षाकर्मी प्रकट हुआ। डंडा घुमाते हुए बोला, 'क्या हो रहा है यहां?'

मैंने शादी के बाद बची-खुची अकड़ समेटकर कहा, 'क्या मतलब है जी आपका?'

उसने आंख मारते हुए पहला सवाल दोहराया, 'क्या कर रहे हो यहां?'

मुझे क्रोध आया, 'हम थक गए थे। अब बैठे सुस्ता रहे हैं।'



वह जोर से हंसा, 'अरे उम्र का लिहाज करो। थकाने वाले काम करते क्यों हो?'

मुझे उसका मंतव्य समझ आ गया, अतः हाथ जोड़कर कहा, 'टहलते हुए थकान हो गई थी इसलिए बैठे हैं, अभी चले जाएंगे।'

मेरी बात समाप्त होते ही वह तपाक से बोला, 'किसके साथ बैठे हो?'

मैंने सीना ठोक कर कहा, 'पत्नी के साथ?'

उसने पत्नी जी को देखा। फिर मुझे देखा और बोला, 'किसकी पत्नी?' दरअसल, पत्नी जी अब भी पुरानी कविता सी दिखती हैं और मैं आज के व्यंग्य जैसा बिखरा-बिखरा खड़ूस हो गया।

मैंने पत्नी जी का हाथ पकड़ा और अकड़ते हुए जवाब दिया, 'मैं अपनी पत्नी के साथ हूं, समझे।'

वह पुलिसिया डंडा घुमाते हुए बोला, 'हम कैसे मान लें?'

फिर हम दोनों के हाथ पर डंडा रख दिया। मुझे अपने 'आधार' की ताकत याद हो आई। मैंने अपने कुर्ते की जेब से दोनों के आधार कार्ड निकाल कर उसकी हथेली पर पटक दिए। वह डंडे को अपनी बगल में दबाए पैर फैला कर खड़ा हो गया और कार्ड्स में छपे छाया चित्रों से हमारी सूरतें मिलाने लगा। फिर दूसरे हाथ से टोपी के अंदर अपनी खोपड़ी खुजलाते हुए बोला, 'तुम्हारी सूरत को ठीक मान भी लें... पत्नी जी की सूरत मेल नहीं खा रही!'

मुझे 'आधार' निराधार लगने लगा। हालांकि, भ्रम हमें भी था कि हमारे आधार कार्ड में छपी सूरतें हमारी ही हैं!

तभी पार्क से हमारे पड़ोसी के बच्चे की आवाज आई, 'अरे! अंकल-आंटी आप लोग यहां हैं, मैं कब से आप लोगों को ढूंढ़ रहा हूं। घर में ताला पड़ा है और जीनू भैया आप लोगों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।'

हम दोनों बिना कुछ कहे घर की ओर चल दिए। सुरक्षा कर्मी डंडा घुमाते हुए आगे बढ़ गया। मैंने चलते हुए पत्नी जी से कहा, 'तुम तो कभी मेकअप करती नहीं। लेकिन फोटो खिंचाते समय क्या लिपस्टिक लगाना जरूरी है? बेचारा! सुरक्षाकर्मी कन्फ्यूज हो गया था।'

पत्नी जी ने कनखियों से मुझे देखा, 'मैं हूं ही इतनी सुंदर।'

मैंने उनके कदम से कदम मिलाते हुए कहा, 'हैप्पी वैलेंटाइन डे।' वो मुस्कुरा दीं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## प्रेम में भीगी कविताएं

सुपरिचित कवयित्री-समालोचक डॉ.रचना तिवारी का नया कविता संग्रह 'कुछ प्रेम मिलने के लिए नहीं होते' हाल में प्रकाशित होकर आया है। हालांकि इस संग्रह में आदिवासी महिलाओं के जीवन का संघर्ष, कोविड की विभीषिका से उपजे मार्मिक दृश्य, स्त्रियों की आकांक्षा और उनके द्वंद्व समेत जीवन की बहुरंगी अनुभूतियों को कई कविताओं में पिरोया गया है। लेकिन संग्रह में संकलित कविताओं का मूल स्वर प्रेमानुभूति से उपजा है। यहां उन्होंने प्रेम की कोमल अनुभूतियों को बहुत संजीदगी से व्यक्त किया है। *'तुम लिख दो मुझे/यहां से वहां तक / जिसकी सड़क/मेरे इस छोर से/तुम्हारे उस छोर तक जाती हो।'*(तुम लिख दो मुझे) संग्रह की शीर्षक कविता 'कुछ प्रेम मिलने के लिए नहीं होते' में वह लिखती हैं, *'वे नहीं होते/साथ चलने के लिए/वे वनवास काटते हुए/अनकहे और अनसुने रहने के लिए होते हैं/वे एक दूसरे के पूरक होते हुए भी/अधूरे रहने के लिए होते हैं।'* कहने की जरूरत नहीं कि प्रेम पर अब तक असंख्य कविताएं लिखी जा चुकी हैं लेकिन प्रेम में भीगी ये कविताएं, उन प्रेम कविताओं में अलग से पहचान बनाने में सक्षम हैं। *



**पुस्तकः कुछ प्रेम मिलने के लिए नहीं होते, लेखिकाः डॉ. रचना तिवारी, मूल्यः199 रु, प्रकाशकः सर्व भाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली**

# इंग्लैंड की नेपाल पर चार रन से रोमांचक जीत

## नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका



**मुंबई, (वार्ता)** नेपाल टी-20 विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंच गया लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम ओवर में धैर्य बनाये रखते हुए टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में रविवार को चार रन से रोमांचक जीत हासिल की। इंग्लैंड ने सात विकेट पर 184 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका। सैम करन ने बेहतरीन आखिरी ओवर डाला और नेपाल को सिर्फ पांच रन ही बनाने दिये। जबकि 19वें ओवर में नेपाल ने 14 रन बनाये थे। जेकब बेथेल (55) और कप्तान हैरी ब्रूक (53) रनों की अर्धशतकीय शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 184 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया था।

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल ने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये। आसिफ शेख (सात) और कुशल भुर्तेल (29) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रोहित पॉडेल और दीपेंद्र सिंह ऐरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। 15वें ओवर में सैम करन ने दीपेंद्र सिंह ऐरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रन बनाये। अगले ही ओवर में लियाम डॉसन ने रोहित पॉडेल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रोहित पॉडेल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। आरिफ शेख 10 रन बनाकर आउट हुये।

### लोकेश बम ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लोकेश बम ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए जीत की उम्मीद जगा दी। 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर ल्यूक वुड ने गुलशन झा (एक) को बोल्ड कर अपनी टीम को कुछ राहत दी। नेपाल की टीम को मैच की आखिरी गेंद पर जीत के लिए छक्के की जरूरत थी लेकिन करन ने सिर्फ एक रन दिया।

### इंग्लैंड ने 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया

इंग्लैंड के लिए लियाम डॉसन ने दो विकेट लिये। जोफ्रा आर्चर, सैम करन, विल जैक्स और ल्यूक वुड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जेकब बेथेल ने 35 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (55) और कप्तान हैरी ब्रूक ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की अर्धशतकीय पारियां खेली।

10 मी एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में

# बाबूता और वलारिवान की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक



**नयी दिल्ली (वार्ता)** भारत के अर्जुन बाबूता और एलावेनिल वलारिवान ने रविवार को नई दिल्ली में चल रही एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम का खिताब जीतकर मेजबान टीम की गिनती में एक और स्वर्ण पदक जोड़ दिया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने शुरू से आखिर तक फाइनल में अपना दबदबा बनाए रखा और 505 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहते हुए खिताब अपने नाम किया। यह 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम निशानेबाजी फाइनल में नया विश्व रिकॉर्ड स्कोर भी था, जो पिछले महीने स्लोवेनिया में आईएसएसएफ ग्रां प्री में जर्मन जोड़ी हैना बुएहलमेयर और मैक्सिमिलियन उलब्रिच के बनाए 502.7 के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक राउंड का फॉर्मेट बदलकर चार टीमों का शूटऑफ कर दिया गया, जिसमें अलग-अलग स्वर्ण और कांस्य पदक मैच होंगे, जो एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। इसलिए रिकॉर्ड भी उसी तारीख से माना जायेगा। कोरिया गणराज्य के किम वूरिम और क्वोन यूंजी की जोड़ी ने 501 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जबकि जापान के नाओया ओकाडा और मिसाकी नोबाता की जोड़ी ने 437.9 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इससे पहले, बाबुता और वलारिवान ने 632.8 के कुल स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में भी टॉप किया था। अर्जुन बाबूता ने इस हफ्ते की शुरुआत में पुरुषों की 10मी एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था।



## सर्विसेज ने आठवां खिताब जीता, फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना (असम) (वार्ता)** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी, जब रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के आखिर में टीमें एक भी गोल नहीं कर पाई थीं।

# भांबरी-सुरेश की से भारत ने नीदरलैंड्स पर 2-1 की बढ़त बनायी



**बेंगलुरु (वार्ता)** भारतीय टेनिस फैंस के लिए यह वीकेंड कितना शानदार रहा! युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर सुरेश ने हिम्मत और पक्के इरादे का शानदार नमूना पेश किया, और सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल की डच जोड़ी पर 7-6, 3-6, 7-6 से अहम डबल्स मैच जीत लिया। इस जीत के साथ, भारत डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-1 की बढ़त बना चुका है - और सच कहूं तो, यह इससे ज़्यादा ड्रामैटिक नहीं हो सकता था। यह मैच बड़े विनर्स मारने या पावर दिखाने के बारे में नहीं था। नहीं, यह प्रेशर झेलने, एक-एक पॉइंट पर डटे रहने और हर रैली के फाइनल जैसा लगने पर भी पलक न झपकाने के बारे में था। भांबरी और सुरेश हर एक टेंशन वाले पल में बने रहे, तीसरे सेट में बार-बार पीछे धकेले जाने के बाद, फिर से इकट्ठा हुए, सर्व बनाए रखा और मुकाबले को अपनी शर्तों पर वापस ले गए। जब आखिर में डिसाइडर में 6-6 पर टाई-ब्रेक हुआ, तो भारतीय जोड़ी ने ठंडे दिमाग से खेला, स्मार्ट खेला और घरेलू दर्शकों की ज़ोरदार तालियों के साथ मैच जीत लिया। डबल्स में यह सफलता शनिवार को सिंगल्स के पहले दिन के उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले के तुरंत बाद मिली। सुमित नागल अपने शुरुआती मैच में लड़खड़ा गए, गाए डेन ओडेन से 0-6, 6-4, 3-6 से हार गए, जबकि डच टीम ने शुरू में 1-0 की बढ़त बना ली थी। लेकिन दक्षिणेश्वर सुरेश ने भारत को ज़िंदा रखा।



## देविका सिहाग का टाइटल जीतने का सिलसिला जारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं।

# वर्टिकल लैंडिंग-टेकऑफ वाली ई-एयर टैक्सी कम कर सकती है आवागमन का समय : रिपोर्ट



नयी दिल्ली, (वार्ता)

दिल्ली-एनसीआर में छतों से वर्टिकल लैंडिंग और टेकऑफ करने में सक्षम ई-एयर टैक्सी आने वाले समय में आवागमन में लगने वाले घंटों को मिनटों में बदल सकते हैं और इसके लिए अपनी इमारत की छत उपलब्ध कराने वालों के लिए कमाई का जरिया बन सकते हैं। उद्योग परिसंघ सीआईआई की एडवांस्ड एयर मोबिलिटी पर जारी रिपोर्ट में एक पायलट कॉरिडोर मॉडल पर मंथन किया गया है जिसका विस्तार करने की भी संभावना है। इसमें पायलट के तौर पर गुरुग्राम, कनॉट प्लेस और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट कॉरिडोर का सुझाव दिया गया है। सीआईआई का कहना है कि इससे देश को इंफ्रास्ट्रक्चर की रुकावटों को कम करने और परिचालन में लगने वाले समय में भारी कटौती में मदद मिल सकती है। साथ ही शहर की भीड़भाड़ का समाधान मिल सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु और नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने यहां यह रिपोर्ट जारी की।

कार्यक्रम में नागर विमानन महानिदेशालय के महानिदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार भी मौजूद थे। इलेक्ट्रॉनिक एयर टैक्सी प्रौद्योगिकी से देश के नेट-जीरो लक्ष्यों को भी समर्थन मिलेगा। हालांकि इसके परिचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमन की भी आवश्यकता होगी। इन विमानों का परिचालन कम ऊंचाई पर होने से सुरक्षा बहुत बड़ा मुद्दा होगा।

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि मास्टर प्लान में एयर टैक्सी कॉरिडोर और वर्टिपोर्ट लोकेशन को शामिल करने के लिए शहरी नियोजन में शामिल इकाइयों और स्मार्ट सिटी मिशन के साथ मिलकर काम करने से जमीन की उपलब्धता, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और बैटरी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ग्रिड इंटीग्रेशन संभव हो सकेगा। साथ ही, छतों से टेकऑफ और लैंडिग को भी एक समाधान के तौर पर रिपोर्ट में शामिल किया गया है। कमर्शियल हब, हॉस्पिटल, टेक पार्क और रेजिडेंशियल टावर की छतों के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट में 50-100 किमी की रेंज में कार्गो और जरूरी मेडिकल आपूर्ति पर फोकस करते हुए ड्रोन-आधारित लॉजिस्टिक्स परिचालन की सलाह दी गई है। इसमें टेक-ऑफ और लैंडिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जल्दी प्लानिंग पर भी जोर दिया गया है। अस्पताल, मेट्रो स्टेशन और बिज़नेस डिस्ट्रिक्ट के साथ ट्रांसपोर्ट नेटवर्क का आसानी से एकीकरण किया जा सकता है। शुरुआती चरण के ट्रायल के लिए, रिपोर्ट में रियल-वर्ल्ड टेस्टिंग और विनियामक प्रोटोटाइपिंग के लिए पायलट जोन तय करने का सुझाव दिया गया है।

# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी- गेहूं नरम, तेलों में घटबढ़



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गये जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गयी। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एफपीआई निवेशकों ने फरवरी में किया 15,492 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश




मुंबई,(वार्ता)

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से उत्साहित विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) निवेशकों ने फरवरी के पहले सप्ताह में भारतीय पूंजी बाजार में 15,492 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। शुद्ध निवेश एफपीआई निवेशकों द्वारा पूंजीबाजार में लगायी गयी राशि और उनके द्वारा निकाली गयी राशि का अंतर होता है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई निवेशकों ने फरवरी में इक्विटी में 8,129 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। डेट में उनका शुद्ध निवेश 7,369 करोड़ रुपये रहा। हाइब्रिड उपकरणों में भी उन्होंने 68 करोड़ रुपये लगाये। म्यूचुअल फंड में उनका शुद्ध निवेश ऋणात्मक रहा। उन्होंने इससे 74.3 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड में एफपीआई निवेशकों ने 17.95 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। डेट आधारित म्यूचुअल फंड से उन्होंने 53.51 करोड़ रुपये और हाइब्रिड उपकरणों पर आधारित म्यूचुअल फंड से 51.44 करोड़ रुपये निकाले। अन्य म्यूचुअल फंड में उन्होंने 48.6 करोड़ रुपये लगाये। इससे पहले जनवरी में एफपीआई निवेशक लगातार दूसरे महीने भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाल रहे थे। उन्होंने साल के पहले महीने में शुद्ध रूप से 29,071 करोड़ रुपये निकाले थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 02 फरवरी को टेलीफोन पर हुई वार्ता के बाद व्यापार समझौते पर सहमति की घोषणा की गयी थी। इससे एफपीआई निवेशकों को सकारात्मक संकेत मिला और उन्होंने भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली शुरू की।

## शीर्ष 10 की सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया। विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गयी।

# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

मुंबई, (वार्ता)



पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जायेगा। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गयी थी जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गयी। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया। बुधवार और शुक्रवार को भी सेंसेक्स हरे निशान में बंद हुआ जबकि गुरुवार को गिरावट रही। सप्ताहांत पर यह 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 373.05 अंक यानी 1.47 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 1.98 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.35 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड के शेयर सबसे अधिक 14.26 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। ऊर्जा क्षेत्र की ही एनटीपीसी का शेयर 2.61 फीसदी चढ़ गया। एफएमसीजी कंपनी ट्रेंट में 8.80 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 2.11 प्रतिशत और आईटीसी में 1.19 प्रतिशत की तेजी रही। वित्तीय एवं बैंकिंग कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर 5.49 फीसदी चढ़ गया। आईसीआईसीआई बैंक में 3.81 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व में 3.6 और एचडीएफसी बैंक में 1.27 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.09 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक में 1.03 फीसदी की सप्ताहिक गिरावट रही। वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.24 फीसदी और मारुति सुजुकी का 2.74 फीसदी ऊपर रहा। बंदरगाह क्षेत्र की अडानी पोर्ट्स का शेयर 9.35 प्रतिशत, विमान सेवा कंपनी इंडिगो का 6.84 प्रतिशत और दवा कंपनी सनफार्मा का 6.25 प्रतिशत की बढ़त में रहा। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में 3.94 प्रतिशत, दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल में 3.57 प्रतिशत और इटरनल में 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी का शेयर 3.41 प्रतिशत, इस्पात कंपनी टाटा स्टील का 2.05 प्रतिशत और सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.20 प्रतिशत चढ़ा। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां साप्ताहिक नुकसान में रहीं। इंफोसिस का शेयर 8.14 फीसदी, टेक महिंद्रा का 7.12, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 5.95 और टीसीएस का 5.88 प्रतिशत टूट गया। बीईएल में 4.33 फीसदी और एशियन पेंट्स में 1.07 फीसदी की गिरावट रही।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी सच्चिदानंद महाराज के अंतिम दर्शन कर दी श्रद्धांजलि



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सतना जिले के धारकुण्डी आश्रम पहुंचकर परमपूज्य संत शिरोमणि स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज के अंतिम दर्शन किए और उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी जी का तप, त्याग और आध्यात्मिक मार्गदर्शन सदैव हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा और हम सबको लोकल्याण की प्रेरणा देता रहेगा।

### शुक्ल ने स्वामी परमहंस सच्चिदानंद महाराज के किए अंतिम दिव्य दर्शन



**भोपाल ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं सतना स्थित धारकुंडी आश्रम के संस्थापक स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज के देवलोकगमन पर धारकुंडी आश्रम पहुंच कर महाराज श्री के अंतिम दिव्य दर्शन किए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि पूज्य स्वामी जी का संपूर्ण जीवन धर्म, अध्यात्म और मानव सेवा को समर्पित रहा। उनका गोलोकगमन न केवल उनके असंख्य शिष्यों, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने विचारों और आचरण से जनमानस को सदैव सत्य, अहिंसा और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। शुक्ल ने परमहंस आश्रम धारकुंडी में गढ़ शक्तेश्वर के स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज और ट्रस्ट के सचिव श्री रामायण बाबा से भी भेट की। इस मौके पर सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### स्नेह सम्मेलन में शिरकत....



**भोपाल ।** विधायक भगवानदास सबनानी जी ने रविवार को धनवंतरी पार्क में आयोजित मराठी विश्वकर्मामय पांचाल सुतार समाज समिति के स्नेह सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

# किसानों के हित सर्वोपरि, ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज सिंह

भोपाल (नगर संवाददाता)



**भोपाल । केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह डील पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, समझौते में झुकने की नहीं। इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। किसानों के हित सर्वोपरि हैं, उन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।**

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने भोपाल स्थित आवास पर भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है। डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। हमारे वो सारे कृषि उत्पाद, जो हमारे किसानों की मूल ताकत है, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ और गति देने वाली है। यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का एक उत्तम उदाहरण है। यह ट्रेड डील हमारे किसानों को न केवल पूरी तरह से सुरक्षित रखती है, बल्कि हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है।

### कृषि उत्पादों को शून्य शुल्क पर करेंगे निर्यात

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं दी गई है। भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कृषि क्षेत्र में कई उत्पादों पर जो टैरिफ था, उसे अमेरिका ने 50 परसेंट से घटाकर शून्य किया है। इनमें मसाले प्रमुख हैं, हमारे मसालों का बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। इसके अलावा चाय, कॉफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, काजू, वनस्पति मोम, एवोकाडो, केला, अमरूद, आम, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम तथा जौ जैसे कुछ अनाज भी इसमें सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगे।

# विधायक भगवानदास सबनानी ने वितरित किए बीपीएल कार्ड



भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल । दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने 45 बंगले स्थित अपने निवास पर बीपीएल कार्ड का वितरण किया।**

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पंचशील मंडल के अंतर्गत रहने वाले 22 हितग्राहियों को बीपीएल कार्ड का वितरण किया गया, हितग्राहियों के साथ मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंच सके और उन्हें इसका लाभ मिले इसके लिए भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रयासरत रहता है, और प्रत्येक हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी देकर इसका लाभ दिलाने में उनकी मदद करता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा अनेकों ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और उनकी सुविधाओं का विस्तार हुआ है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा ने शिक्षा, सेवा को माना राष्ट्र निर्माण का मूल आधार : मंत्री परमार



भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल ।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के गौरव हैं। उनका अनुशासन और सेवा भाव समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपार क्षमता रखता है। परमार ने कहा कि शिक्षा के साथ सेवा का भाव युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सच्चा योगदानकर्ता बनाता है।

उच्च शिक्षा मंत्री परमार रविवार को भोपाल स्थित निवास कार्यालय पर, गणतंत्र दिवस परेड-2026 में मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले चयनित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों से भेंट कर सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री परमार से, माय-भारत राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय पुरस्कार 2022-23 से सम्मानित स्वयंसेवक सौमित दुबे एवं आयुषी सिन्हा ने भी भेंट की। मंत्री परमार ने उनके प्रशस्ति पत्र एवं मेडल का अवलोकन कर, उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। परमार ने स्वयंसेवकों को मेडल एवं शॉल से सम्मानित किया।

# अध्यात्म के साथ सेवा ही सनातन दर्शन : मंत्री सारंग

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल । सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को सीहोर स्थित कुबेरेश्वरधाम में विट्ठलेश सेवा समिति, सीहोर के तत्वावधान में निर्मित पंडित रामेश्वर मिश्रा प्राथमिक चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंत्री सारंग एवं पंडित मिश्रा ने संयुक्त रूप से अस्पताल का लोकार्पण कर श्रद्धालुओं एवं आमजन को समर्पित किया।**

मंत्री सारंग ने इस अवसर पर कहा कि आध्यात्म के साथ सेवा ही सनातन दर्शन है। जब भक्ति के साथ मानव सेवा जुड़ जाती है, तो वह समाज के लिए एक सशक्त आधार बनती है। उन्होंने कहा कि पूज्य कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने देश-विदेश में सनातन संस्कृति का ध्वज फहराया है और अपनी कथाओं के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि कुबेरेश्वरधाम में निर्मित यह अस्पताल श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है।



### 20 बिस्तर वाला है आधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल

नव निर्मित पंडित रामेश्वर मिश्रा प्राथमिक चिकित्सालय 20 बिस्तरों की क्षमता वाला एक आधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल है, जहां श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। इस अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी की सुविधा, आईसीयू की व्यवस्था, ऑपरेशन थियेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, ईसीजी, वेंटिलेटर तथा आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इससे मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त हो सके।

### रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर की बैठक

मंत्री सारंग ने सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति में कुबेरेश्वरधाम में 14 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि श्रद्धालुओं के लिए शेड बनाए गए हैं, प्रवेश-निकास मार्ग सुव्यवस्थित किए गए हैं तथा अलग-अलग सेक्टर में दर्शन की व्यवस्था की गई है। स्थल पर 500 से अधिक शौचालयों के साथ चलित शौचालयों की भी व्यवस्था की जाएगी। पेयजल के लिए टैंकर लगाए जाएंगे। बताया गया कि आपात स्थिति के लिए विशेष कॉरिडोर बनाया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिये 20 से अधिक एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई है।

# कृषि रथ से किसानों को दी जा रही ई-विकास प्रणाली की जानकारी




भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल ।** प्रदेश में वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हरदा जिले के तीनों विकासखंडों में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलों को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने के लिये प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरको की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों को समसामयिक सलाह भी प्रदान की जा रही है। कृषि रथों द्वारा जिले की 162 ग्राम पंचायतो में भ्रमण किया गया है। इस दौरान 5270 किसानों, 247 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा वैज्ञानिकों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

### किसानों को आधुनिक खेती और नरवाई प्रबंधन की दी जा रही जानकारी

कटनी जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती की जानकारी देने के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड रीठी के गांवों में 'कृषि रथ' चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गई। किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर और रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी दी। सुपर सीडर और हैप्पी सीडर खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी सहित तीन काम एक साथ करते हैं। इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है।

# रणनीतिक तैयारी : कांग्रेस का मिशन 'पंचायत-वार्ड'

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल । मध्य प्रदेश कांग्रेस ने आगामी चुनावों और संगठन की मजबूती के लिए अपनी रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। रविवार को राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में भोपाल संभाग की एक अति-महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।**



इस बैठक में भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा जिलों के जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों और प्रभारियों ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्पष्ट किया कि अब पार्टी का पूरा फोकस 'माइक्रो-मैनेजमेंट' पर है। उन्होंने कहा कि संगठन को केवल जिला स्तर तक सीमित न रखकर हर ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर ले जाया जाएगा। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जल्द ही बूथ और वार्ड समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और एआईसीसी सचिव संजय दत्त की मौजूदगी में हुई इस बैठक में संगठन की कमियों और भविष्य की चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ।

**पटवारी का आह्वान:** कांग्रेस की वास्तविक शक्ति हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। जब तक हम वार्ड स्तर पर मजबूत नहीं होंगे, तब तक जनहित की आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुँचाना कठिन होगा। सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनता के बीच जाएं।

**रणनीतिक चर्चा :** संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे और संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने आगामी जनसंपर्क अभियानों और आंदोलनों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### इन जिलों की हुई समीक्षा

बैठक में भोपाल संभाग के अंतर्गत आने वाले पांचों जिलों के विधानसभा प्रभारियों और ब्लॉक अध्यक्षों से सीधे संवाद किया गया। संगठन की मजबूती के साथ-साथ जनता से जुड़े स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और सरकार को घेरने की रणनीति पर भी सहमति बनी। बैठक को आगामी समय में मध्य प्रदेश कांग्रेस के पुनर्गठन और सक्रियता की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम माना जा रहा है।

## महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारी ब्लेसिंग हाउस में अनुभूत हुई शिव-चेतना

# योग, ध्यान, आत्मशुद्धि की सर्वोच्च रात्रि है महाशिवरात्रि : डॉ. आर.एच. लता

भोपाल (नगर संवाददाता)




**भोपाल । ब्रह्म कुमारी ब्लेसिंग हाउस, भोपाल में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन अत्यंत पावन, शांत और आध्यात्मिक वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। बीके रीना दीदी के स्नेहपूर्ण निमंत्रण पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधक, श्रद्धालु एवं विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। पूरा वातावरण ध्यान, साधना और शिव-चेतना की दिव्य अनुभूति से ओत-प्रोत रहा।**

इस अवसर पर इंडियन योगिनी एसोसिएशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. आर. एच. लता ने महाशिवरात्रि के गूढ़ आध्यात्मिक अर्थ को रेखांकित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्म-जागरण और चेतना के उत्थान की रात्रि है। यह पर्व हमें बाह्य संसार की चंचलताओं से हटाकर अंतर्मुखी बनाता है और आत्मचिंतन के माध्यम से शिव-तत्व से जुड़ने की प्रेरणा देता है। डॉ. लता ने कहा कि महाशिवरात्रि वह पावन अवसर है जब साधक अज्ञान, विकार और नकारात्मक प्रवृत्तियों से मुक्त होकर ज्ञान, वैराग्य और करुणा के पथ पर अग्रसर होता है। भगवान शिव ध्यान, तपस्या और त्याग के आदर्श हैं, जिनकी उपासना से मन, शरीर और आत्मा का शुद्धिकरण होता है। यह पर्व जीवन में संतुलन, संयम और आंतरिक शांति स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि महाशिवरात्रि को योग और ध्यान की सर्वोच्च रात्रि माना गया है, जब साधना के माध्यम से शिव-चेतना का प्रत्यक्ष अनुभव संभव होता है। इस रात्रि की साधना आत्मा को परम शांति से जोड़ती है और व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है। डॉ. आर. एच. लता ने अपने संदेश में कामना व्यक्त की कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव सभी के जीवन में शांति, स्वास्थ्य, सद्बुद्धि और संतुलन प्रदान करें तथा मानव समाज आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात कर एक शांतिपूर्ण और सुसंस्कृत विश्व के निर्माण की दिशा में आगे बढ़े।

कार्यक्रम के दौरान ध्यान, राजयोग साधना एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह ने गहन शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक आनंद का अनुभव किया। महाशिवरात्रि का यह आयोजन सभी के लिए आत्मिक उत्थान और आध्यात्मिक प्रेरणा का अनुपम अवसर सिद्ध हुआ।

## अमेरिका की सब्सिडी, भारत का जोखिम

# पटवारी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को बताया किसान विरोधी



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली प्रस्तावित 'ट्रेड डील' को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। पटवारी ने इस समझौते को भारतीय किसानों के हितों के साथ 'बड़ा सरेंडर' करार देते हुए कहा कि यह डील 'सब्सिडी अमेरिका की और जोखिम भारत का' वाली स्थिति पैदा कर देगी। भोपाल में जारी एक बयान में पटवारी ने दावा किया

# अनारक्षित टिकट बुक करने पर मिलेगी 3% की छूट

भोपाल (नगर संवाददाता)

**भोपाल । पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए यात्रियों के लिए 'रेलवन ऐप' की शुरुआत की है। इस ऐप के माध्यम से अब यात्री न केवल घर बैठे अनारक्षित टिकट बुक कर सकेंगे, बल्कि उन्हें टिकट मूल्य पर 3 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जाएगी।**

रेलवे द्वारा यह सुविधा 14 जनवरी 2026 से लागू कर दी गई है, जो 14 जुलाई 2026 तक (6 महीने के लिए) प्रायोगिक तौर पर उपलब्ध रहेगी। इस अवधि के बाद 'सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम' इसकी सफलता की समीक्षा करेगा और इसे आगे बढ़ाने पर निर्णय लेगा। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह छूट डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही है: यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट

### एक ही ऐप पर मिलेगी हर जानकारी

रेलवन ऐप को 'वन स्टॉप सॉल्यूशन' के रूप में विकसित किया गया है। यात्री एक ही प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे:

**ट्रेन की स्थिति :** ट्रेन नंबर, नाम और वर्तमान स्थिति की जानकारी।

**समय-सारिणी :** ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान का सही समय।

**स्टेशन विवरण :** प्रमुख स्टेशनों से जुड़ी आवश्यक सूचनाएं।

**कोच पोजीशन :** यात्रियों को कोच और सीट खोजने में आसानी होगी।

बोनस कैशबैक की वर्तमान सुविधा मिलती रहेगी। जन सम्पर्क अधिकारी (भोपाल मंडल) के अनुसार, इस ऐप का इंटरफेस बेहद सरल रखा गया है ताकि बुजुर्ग और कम तकनीक जानने वाले लोग भी इसका आसानी से उपयोग कर सकें। इससे स्टेशनों पर टिकट काउंटर पर लगने

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नवीन आनंद जोशी द्वारा सुपर प्रिंटिंग प्रेस, 17 चौकी तलैया, भोपाल से मुद्रित एवं ई-100/22, शिवाजी नगर, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। सम्पादक- नवीन आनंद जोशी। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।